हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026



अब उन्नत तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ शुरू हो चुका है

संजीवनी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

हमारे विशेषज्ञ डॉक्टर्स

SURGICAL ONCOLOGY DEPT.


DR YUSUFF MEMAN
MS, FSOG, FIAGES, FMAS, FACRSI
DIRECTOR & CANCER SURGEON


DR ARPAN CHATURMOHTA
MBBS, MS, MCH, FIAGES
HEAD OF SURG. ONCOLOGY


DR VIVEK PATEL
MBBS, MS, MCh
SURGICAL ONCOLOGIST


DR KALYAN PANDEY
MBBS, MS, MCh
SURGICAL ONCOLOGIST


DR VIKAS AGRAWAL
MBBS, DrNB, PDF, FMAS
SURGICAL ONCOLOGIST


DR DIVYA KHATORE
MBBS, MS, DrNB
SURGICAL ONCOLOGIST


DR NEHA JAISWAL
MBBS, DGO, DNB, FMAS
GYNAE & GYNAEC ONCOLOGIST

CHEMOTHERAPY


DR ANIKET THOKE
MBBS, MD, ESMO Certified
MEDICAL ONCOLOGIST


DR AYUSH DUBEY
MBBS, MD, DM (MEDICAL ONCOLOGY), ESMO Certified

BLOOD DISEASES


DR VIKAS GOYAL
MD, DM, HAEMATOLOGIST & HEMATONCOLOGIST


DR ADAMYA GUPTA
MD, DM, HAEMATOLOGIST & HEMATONCOLOGIST

CRITICAL CARE, ANESTHESIA, & EMERGENCY DEPT.


DR HITEN MISTRI
MBBS, MD , (ANESTHESIA)


DR SONAL BAJPAYEE
DNB, IDCCM CRITICAL CARE


DR RAHUL GOYAL
MD (ANAESTHESIA), FNB (CRITICAL CARE)


DR VINOD RAMVATH
MD (ANAESTHESIOLOGY)


DR PRAKHYAT SHETTY
MD ANAESTHESIA & CRITICAL CARE


DR G.R. AGRAWAL
MBBS, MD, FNB (CRITICAL CARE)


DR VIPIN CHANDRAKAR
MBBS, DA, ANESTHESIOLOGIST

CARDIAC SURGERY


DR. ASHIMA BHELOTKAR
MBBS, MS (GENERAL SURGERY), DNB (CTVS), SENIOR CONSULTANT CTVS

CARDIOLOGY


DR. NIKHIL MOTIRAMANI
MBBS (GOLD MEDALIST), MD, DM CARDIOLOGY (JIPMER), FSCAI, FAPSC

NEUROLOGY


DR RAHUL PATHAK
MBBS, MD, DM, FINS, INTERVENTIONAL NEUROLOGIST

NEPHROLOGY


DR PREMRAJ DEBTA
MD, DRNB NEPHRO., KIDNEY TRANSPLANT PHYSICIAN


DR KUMARI MONIKA
MBBS, MD, DM, NEPHROLOGIST

PLASTIC SURGERY


DR ANIRUDDH GUPTA
MBBS, MS, MCh
PLASTIC SURGEON

PAIN & PALLIATIVE


DR AVINASH TIWARI
MBBS, MD, FIPM, PAIN & PALLIATIVE MEDICINE, SUPPORTIVE CARE

GASTRO


DR AYUSH SOMANI
MD, DrNB
GASTRO & HEPATOLOGIST

UROLOGY


DR GHANSHYAM HATWAR
MBBS, MS, MCh
UROLOGIST AND ANDROLOGIST

NEUROSURGERY


DR SAGAR RATHOD
MBBS, MS, MCh
NEUROSURGEON

PULMONOLOGY


DR PALASH SAXENA
MBBS, MD, CONSULTANT PULMONOLOGIST

ORTHOPEDICS


DR PIYUSH SHUKLA
MS (ORTHOPAEDICS), FIJR, FIPM, ARTHROPLASTY & ARTHROSCOPY

RADIOTHERAPY


DR RAMESH KOTHARI
MBBS, MD, DMRT
RADIATION ONCOLOGIST


DR SATISH DEWANGAN
MBBS, MD
RADIATION ONCOLOGIST

RADIOLOGY DEPT.


DR PRASHANT SAHU
MBBS, DMRD, DNB
CONSULTANT RADIOLOGIST


DR SHUBHAM ASRANI
MD, AICP FELLOWSHIP (MUMBAI)
INTERVENTIONAL RADIOLOGIST


DR PAAVANI JAISWAL
MBBS, DMRD, DNB
CONSULTANT RADIOLOGIST

NUCLEAR MEDICINE DEPT.


DR SHONALI THAKUR
MBBS, MD, NUCLEAR MEDICINE PHYSICIAN

HISTOPATHOLOGY DEPT.


DR PARVATI JOSHI
MBBS, MD (PATH)
HISTOPATHOLOGIST


DR ANNAPURNA KUMARI
MBBS, DNB PATHOLOGY
HISTOPATHOLOGIST


DR GAURAV
PATHOLOGIST

PHYSIOTHERAPY DEPT.


DR NALNESH SHARMA
BPT, MS (CLINICAL REHABILITATION)

DR SANJEEV
PHYSIOTHERAPIST

DR. DIVYA
PHYSIOTHERAPIST

DIETETICS

DT. NISHA GUPTA
DIETITIAN

DT. NIHARIKA
DIETITIAN

BLOOD BANK

DR AAMIR HUSAIN
BLOOD BANK MANAGER

350 बिस्तर, अत्याधुनिक चिकित्सा, उपकरण, तकनीक व सुविधाएँ

TELE-ROBOTIC SURGERY

CATH LAB

TRUEBEAM RT

LATEST PET SCAN

192 SLICE CARDIAC CT

SPECT SCAN

24 CHANNEL, 1.5T MRI

ENDOSCOPY ERCP, BRANCHOSCOPY & EUS

NEURO NAVIGATION NEURO MICROSCOPE

3D-4K LAPAROSCOPY

ECHO, TMT, PFT

DIALYSIS MACHINE

- मध्य भारत में पहली बार SGRT, IDENTIFY एवं मोशन मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर की सुविधा। सटीक उपचार सुनिश्चित करने के लिए मरीज की शारीरिक स्थिति एवं सांसों की गति की वास्तविक समय में निगरानी।
- छोटे चीरे और आवर्धित दृश्य (MAGNIFIED VIEW) के साथ टेली-रोबोटिक सर्जरी की सुविधा। इसके माध्यम से अन्य शहरों में स्थित विशेषज्ञ डॉक्टर रायपुर में भर्ती मरीजों की सर्जरी दूरस्थ रूप से कर सकते हैं।
- हृदय रोगों के उपचार के लिए 20 सेमी डिटेक्टर वाली PHILIPS AZURION 5C20 कैथ लैब। यह उन्नत प्रक्रियाओं, कम समय में उपचार तथा न्यूनतम विकिरण के साथ बेहतर उपचार सुविधा प्रदान करती है।
- बिल्ट-इन CT स्कैन सुविधा से युक्त न्यूरो एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कैथ लैब। इससे मरीजों को अलग से CT स्कैन कराने के लिए दूसरी जगह स्थानांतरित करने की आवश्यकता कम हो जाती है।
- अत्याधुनिक VENTANA मशीन की सहायता से अस्पताल में ही हिस्टोपैथोलॉजी, फ्रोजन सेक्शन एवं IHC (इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री) जाँच की सुविधा। साथ ही, अस्पताल में ही ब्लड बैंक एवं ब्लड कंपोनेंट्स की सुविधा उपलब्ध।
- छत्तीसगढ़ की पहली वाइड-बोर 192-स्लाइस अल्ट्रा-फास्ट कार्डियक CT मशीन, जिसमें वर्चुअल एंजियोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ में पहली बार समर्पित RT सिम्युलेटर CT की सुविधा।
- मायोकार्डियल स्ट्रेस थैलियम टेस्टिंग की सुविधा से सुसज्जित कार्डियोलॉजी विभाग। यह हृदय की कार्यक्षमता का आकलन करने तथा ऐसे मरीजों की पहचान करने में सहायता करता है, जिन्हें एंजियोप्लास्टी की आवश्यकता नहीं हो सकती है।
- ट्रॉमा, ब्रेन ट्यूमर एवं स्पाइन ट्यूमर के उपचार के लिए उन्नत न्यूरो नेविगेशन और न्यूरो माइक्रोस्कोप की सुविधा।
- इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग में उन्नत उपचार सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें ट्यूमर एम्बोलाइजेशन, TACE, TARE, माइक्रोवेव ट्यूमर एब्लेशन, वैरिकोज वेन्स का उपचार, टनल्ड कैथेटर एवं मेडिकल लाइनों को लगाने की सुविधा तथा परक्यूटेनियस बाइलियरी स्टेंटिंग शामिल हैं।
- छत्तीसगढ़ में पहली बार 10 बिस्तरों वाला पेन, हॉस्पिस एवं पैलिएटिव केयर विभाग। यहाँ गंभीर एवं जीवन के अंतिम चरण में पहुँचे मरीजों को गरिमापूर्ण देखभाल प्रदान की जाती है। इसके साथ ही मरीजों के लिए घर पर देखभाल (HOME CARE SERVICES) की सुविधा भी उपलब्ध है।
- उन्नत ब्रैकीथेरेपी मशीन, जिसमें इन-विवो डोसिमेट्री तथा SAGINOVA TPS की सुविधा है। इसका उद्देश्य ट्यूमर को निर्धारित मात्रा में सीधे विकिरण देना और आसपास के स्वस्थ ऊतकों पर विकिरण के प्रभाव को यथासंभव कम करना है।

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छ.ग. 7389905010, 7389904010

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

सुमीत बाजार™

सुंदर श्रृंगार और Style की भरमार

करवा चौथ
की हार्दिक शुभकामनाएं
सजाओं और
सज जाओं

CASHBACK VOUCHER

₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर

ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक

*नियम व शर्तें लागू.

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

चिंतन

सिर्फ हंगामे की बजाय ठोस प्रमाण दे विपक्ष



मुद्दा

प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन हर विरोध को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों और प्रमाणों की कसौटी पर खरा उतरना भी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना जितना आसान है, उतना ही महत्वपूर्ण उन सवालों के पीछे ठोस आधार प्रस्तुत करना है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जिस तरह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है, उसमें राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर प्रमाणों के साथ अपना पक्ष रखने की जरूरत है। चुनावी सुधारों को संदेह के घेरे में खड़ा करना और पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गंभीर विषय है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसे तथ्यों के साथ उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन आशंकाओं को ही आरोप और आरोपों को ही सच मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई ने विपक्ष को अपने दावों की पुष्टि करने का अवसर दिया है। अब उसे सिर्फ हंगामे या शोर से नहीं, बल्कि ठोस प्रमाणों से अपनी बात साबित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि आयोग ने एक दिन पहले ही अपना जवाब दाखिल किया है, इसलिए उसका अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'हमें सब पता है। हम जांच करेंगे।' इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि अदालत मामले को गंभीरता से सुन रही है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एसआईआर से जुड़े फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर वाले हलफनामे में आयोग ने यह भी कहा कि फाइलों पर दर्ज सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में अंतिम निर्णय के विरोध का प्रमाण नहीं हैं। आयोग के मुताबिक, एसआईआर के फॉर्म-6 में उसने कोई बदलाव नहीं किया है और नियमों के अनुसार उसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिए हैं। जिन मतदाताओं के नाम का पुरानी मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटा सकेंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के संबंध में आयोग ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया और आधार लागू होते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह बताना होगा कि उसकी आपत्तियां किन तथ्यों पर आधारित हैं, कहां नियमों का उल्लंघन हुआ है और किन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। केवल आशंका जताने या राजनीतिक आरोप लगाने से किसी दावे की पुष्टि नहीं होती। कुल मिलाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। विपक्ष को समझना होगा कि केवल हंगामा करने से संदेह प्रमाण में नहीं बदलते। यदि अनियमितता हुई है तो उसके ठोस प्रमाण दें। सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर अनावश्यक चोट करने से बचें।

एआई आधारित साइबर अपराध की चुनौती

> शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

बाजार में सेंध लगती है, तो 11 करोड़ डीमैट खाताधारकों का भरोसा डगमगा जाता है। एआई अपराध की यही मारक क्षमता इसे सबसे बड़ा खतरा बनाती है। कैसे करता है वार? पहला, डीपफेक मैनिपुलेशन। मान लीजिए किसी दिग्गज कंपनी के सीईओ का डीपफेक वीडियो बनाकर यह फैला दिया जाए कि कंपनी के नतीजे खराब हैं। वह दिवालिया होने वाली है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही पैनिक सेलिंग शुरू हो जाएगी। निवेशक मिनटों में हजारों करोड़ गंवा देंगे। यह अब कल्पना नहीं...! 2024 में अमेरिकी बाजार में एक बड़ी कंपनी के साथ ऐसा प्रयास हो चुका है। दूसरा, हाइपर-पर्सनलाइज्ड फिशिंग। पहले फर्जी ईमेल की भाषा टूटी-फूटी होती थी। अब एआई आपके ट्रेडिंग व्यवहार, आपके ब्रोकर का नाम, आपके पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर आपके ही ब्रोकर की भाषा में ईमेल बनाता है - 'आपका ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए रोका गया है। तुरंत इस लिंक पर केवाईसी करें।' एक क्लिक और आपका पासवर्ड, ओटीपी सब हैकर के पास। तीसरा, एल्गो-स्पूफिंग। एआई बॉट्स एक सेकंड में हजारों नकली खरीद-बिक्री के ऑर्डर लगाकर किसी शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से ऊपर-नीचे करते हैं। आपके स्टॉप-लॉस को ट्रिगर कराते हैं। आपको बाजार से बाहर कर अपना मुनाफा कमा लेते हैं। यह माइक्रो-सेकंड का लूटतंत्र है। इसे ही इंसानी आंख पकड़ ही नहीं सकती। यही वजह है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पूंजी बाजार अब केवल 'मार्केट रिस्क' से नहीं, 'साइबर सिस्टमिक रिस्क' से भी जूझ रहा है। एनएसई की अति सराहनीय पहल है। एएनएमआई के साथ मिलकर विशेष कार्यबल का आह्वान इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रक्षात्मक से आगे बढ़कर आक्रामक सुरक्षा की रणनीति अपनाई है। एनएसई के प्रमुख ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के सदस्यों के साथ बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आह्वान किया है -'साइबर सुरक्षा पर एक विशेष संयुक्त कार्यबल का गठन।' इस कार्यबल का उद्देश्य क्या होगा? केवल दिशा-निर्देश जारी करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ब्रोकर हाउस की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना। एक्सचेंज अकेले सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक उसका हर सदस्य, हर टर्मिनल सुरक्षित न हो। एनएसई प्रमुख का स्पष्ट संदेश था - 'एक्सचेंज की सुरक्षा उतनी ही मजबूत है, जितना उसका सबसे कमजोर ब्रोकर।'



इसलिए अब एक्सचेंज और ब्रोकर एक ही टीम के रूप में इस खतरे से लड़ेंगे। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है।यहां नियामक केवल दंड नहीं, बल्कि साझेदारी की बात कर रहा है। एक से तीन वर्ष का रोडमैप करने की काबिलेतारीफ पहल। हर सदस्य की तकनीकी जांच और सुरक्षा कवच। इस कार्यबल का सबसे व्यावहारिक और प्रभावी पहलू इसका समयबद्ध रोडमैप है। योजना के तहत सदस्यों का चरणबद्ध मार्गदर्शन किया जाने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले एक से तीन वर्षों में एएनएमआई के सभी सदस्यों को उचित साइबर मार्गदर्शन मिले, उनकी तकनीकी कमजोरियों की गहन जांच हो। उन्हें भविष्य के खतरों से सुरक्षित रखा जाए। यह कैसे संभव होगा? वर्ष 1 में ऑडिट और जागरूकता का उद्देश्य है। सभी सदस्यों के सिस्टम का साइबर सिक्योरिटी ऑडिट, उनके कर्मचारियों के लिए डीपफेक और फिशिंग पहचान का प्रशिक्षण। छोटे शहरों के सब-ब्रोकर, जो अक्सर पुराने सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं, उनकी पहचान और प्राथमिक सहायता। वर्ष 2 में अपग्रेडेशन और मानकीकरण पर बल देने की योजना है। कमजोर पाए गए सिस्टम को अनिवार्य रूप से अपग्रेड करना, सभी टर्मिनलों पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन को अनिवार्य बनाना। ड्रिल, यानी नकली एआई हमला करके यह परखना कि ब्रोकर हाउस कितनी जल्दी रिकवर होता है। यह एक से तीन साल का यह 'सुरक्षा कवच' कार्यक्रम भारतीय पूंजी बाजार को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने वाला बाजार बनाएगा। सबसे आश्चर्य की बात... ! अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश भी इससे अछूते नहीं हैं। यह तो वैश्विक महामारी बन चुका है। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं व एआई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका में 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर एआई-जनरेटेड पोस्ट से बिटकॉइन ईटीएफ की मंजूरी की झूठी खबर फैलाई गई, जिससे 5 मिनट में बिटकॉइन की कीमत 1,000 डॉलर उछल गई। एफबीआई के अनुसार, अमेरिका में वॉइस क्लोनिंग से सीईओ फ्रॉड के मामलों में पिछले साल 400% की वृद्धि हुई है। जापान में, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज ने माना है कि उसके ब्रोकर सदस्यों पर एआई-आधारित डी-डॉस हमले बढ़े हैं, जहां बॉट्स नकली ट्रैफिक से सिस्टम को जाम कर देते हैं ताकि उसी दौरान दूसरे रास्ते से सेंध लगाई जा सके। जब दुनिया के दो सबसे उन्नत तकनीक वाले बाजार भी इससे जूझ रहे हैं, तो भारत को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह लड़ाई वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही निकलेगा। भविष्य की ढाल क्रिप्टोग्राफीक सुरक्षा हो सकती है? साथ साथ क्वांटम तैयारी भी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 5 से 7 वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे मौजूदा एसएसएल ताले को सेकंड में तोड़ देंगे। तब आज का एंक्रिप्टेड डेटा भी असुरक्षित हो जाएगा। अतः यह निचोड़ निकाल सकते हैं कि एआई आधारित साइबर अपराध कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि हमारे ट्रेडिंग टर्मिनल के दरवाजे पर खड़ा एक वास्तविक खतरा है। एनएसई द्वारा एएनएमआई के साथ विशेष कार्यबल का गठन, एक से तीन साल का व्यावहारिक रोडमैप और क्वांटम-रेडी सुरक्षा की तैयारी - ये तीनों कदम बताते हैं कि भारत का पूंजी बाजार इस खतरे को गंभीरता से ले रहा है। याद रखिए, बाजार में सबसे बड़ा मुनाफा तेज ट्रेडिंग से नहीं, बल्कि सुरक्षित ट्रेडिंग से आता है। तकनीक के इस युग में निवेशक की सबसे बड़ी पूंजी उसका रिटर्न नहीं, उसकी सतर्कता है।

(लेखक कुशभाऊ ठाकरे वि.वि., रायपुर के कुलगुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

भाजपा बनाम कांग्रेस

डॉ. घनश्याम बादल



विचारधारा, मतभेद बदजुबानी और टकराव

लोकतंत्र में विचारों का टकराव स्वाभाविक है, लेकिन जब विचारों की जगह विद्वेष, तर्क की जगह तंज और राजनीतिक विरोध की जगह व्यक्तिगत चरित्रहनन ले ले, तब समझ लेना चाहिए कि राजनीति अपनी मर्यादा खो रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच वैचारिक संघर्ष पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संघर्ष जिस तरह कटुता, अमर्यादित भाषा और संस्थाओं पर अविश्वास तक पहुंचा है, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सवाल यह नहीं कि कौन-सा दल सही है और कौन गलत; सवाल यह है कि सत्ता और विपक्ष की लड़ाई में देश की सामाजिक एकता कहीं दांव पर तो नहीं लग रही? कांग्रेस और भाजपा दो अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कांग्रेस की वैचारिक परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन, धर्मनिरपेक्षता, बहुलतावाद, सामाजिक न्याय और विविधता में एकता की अवधारणा से जुड़ी रही है तो भाजपा की राजनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, राष्ट्रीय अस्मिता, मजबूत नेतृत्व और एकात्म मानववाद की वैचारिक धारा से प्रेरणा लेती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं। लोकतंत्र में यही मतभेद विकल्प पैदा करते हैं मगर समस्या तब शुरू होती है, जब कोई दल अपनी विचारधारा को ही राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बताने लगे और विरोधी विचारधारा को देश-विरोध का पर्याय बना दे। राष्ट्र कोई एक दल, विचार या नेता नहीं है।

कांग्रेस के समर्थक भी उतने ही भारतीय हैं, जितने भाजपा के समर्थक; और किसी दल का विरोध करना अपने आप में राष्ट्र का विरोध करना नहीं है। विडंबना यह है कि दोनों दल लोकतंत्र, संविधान और देशहित की दुहाई देते हैं, लेकिन उनके नेताओं की भाषा बार-बार इन्हीं मूल्यों पर चोट करती दिखाई देती है। सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का धर्म है और विपक्ष की आलोचना का उत्तर देना सरकार की जिम्मेदारी। किंतु आलोचना और अपमान के बीच एक महीन रेखा है। उस रेखा को लांघते ही बहस का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संवाद की जगह शत्रुता लेने लगती है। नेता भूल जाते हैं कि उनके शब्द केवल विरोधी दल तक सीमित नहीं रहते; वे समाज के व्यवहार, युवाओं की भाषा और आम नागरिकों की सोच को भी प्रभावित करते हैं। इसी कटु राजनीतिक वातावरण में एसआईआर यानी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दे टकराव का कारण बन रहे हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। फर्जी, दोहराव वाले या अपात्र नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। दूसरी ओर, यदि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, दस्तावेजों की कठिनाइयों या वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा होती है, तो उस पर सवाल उठाना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए एसआईआर को केवल सरकार या निर्वाचन व्यवस्था के समर्थन-विरोध का प्रश्न बनाना उचित नहीं। प्रक्रिया पारदर्शी हो, पात्र मतदाताओं को पर्याप्त अवसर मिले, आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण हो और गलतियों के सुधार की प्रभावी व्यवस्था हो-ये सभी पक्ष लोकतंत्र के हित में हैं। विपक्ष को बिना प्रमाण हर कार्रवाई को साजिश नहीं बताना चाहिए, तो निर्वाचन व्यवस्था को भी आलोचनाओं का उत्तर तथ्यों और पारदर्शिता से देना चाहिए। मताधिकार पर अविश्वास की स्थिति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकती है। एसआईआर के अतिरिक्त चुनावी निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, आरक्षण, जातिगत गणना, धार्मिक पहचान, नागरिकता और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मुद्दों पर भी राजनीतिक खींचतान तीखी हुई है। अंततः, कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को याद रखना चाहिए कि विचारधाराएं लोकतंत्र को दिशा देती हैं, जबकि अहंकार और बदजुबानी उसे कमजोर करते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की परंपरा में है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है। देश की एकता और अखंडता केवल नारों से सुरक्षित नहीं रहती; उन्हें व्यवहार, भाषा और निर्णयों में भी उतारना पड़ता है। अस्तु, लोकतंत्र में लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों के अपमान की नहीं; नीतियों की होनी चाहिए, नागरिकों को बांटकर वोट झपटने की नहीं। सत्ता बदल सकती है, सरकारें आ-जा सकती हैं और विचारधाराओं के बीच संघर्ष चलता रह सकता है, लेकिन यदि इस संघर्ष में समाज का विश्वास, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मर्यादा टूट गई, तो जीत भले ही किसी किसी दल की नहीं हो जाए, पर, हार पूरे देश की होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन-विकास का आधार सत्पुरुषार्थ



संकलित

दर्शन

यदि व्यक्ति समुचित दिशा में समुचित पुरुषार्थ करता रहे तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित की जा सकती है। जीवन में सफल होने के लिए पुरुषार्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरुषार्थ के अभाव में किसी भी उद्देश्य को पूर्ण नहीं किया जा सकता। पुरुषार्थ जीवन में हर समय अनिवार्य है। जीवन-विकास की आधारशिला पुरुषार्थ है, जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल, मनोबल तथा शारीरिक बल पर विश्वास नहीं करके पराश्रित अथवा निष्क्रिय बन जाते हैं, उन्हें कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और अन्त में असफलता ही हाथ लगती है। इसके विपरीत जो जीवन में उल्लासपूर्वक सक्रिय रहते हैं, वे कभी भी असफल नहीं होते। सफल होने के लिए यह सुनिश्चित है कि व्यक्ति को तपना और खपना पड़ता है। पुरुषार्थ आत्म-विकास की रीढ़ है। जीवन में पुरुषार्थ की जो अनिवार्यता है, इसे एक क्षण के लिए भी नकारा नहीं जा सकता। कर्मबंधन से मुक्ति का हेतु ही पुरुषार्थ है। जड़ता एवं निष्क्रियता के धरातल से ऊपर उठकर जब व्यक्ति पुरुषार्थ करता है तो वह व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों से समृद्ध बनने लगता है। कोई कुछ भी करे ही नहीं एवं मन में बड़ी-बड़ी कल्पनाएं करता रहे तो केवल कल्पनाओं से कुछ भी नहीं होता। मंजिल पर पथिक तभी तो पहुँच पाएगा, जब वह लक्ष्य की ओर गतिशील होगा। पथिक अपने घर-आँगन में बैठा हुआ नक्शा देखता रहे कि अमुक गाँव इतनी दूर है, अमुक रास्ते से होकर मुझे जाना पड़ेगा। केवल इस तरह का गणित करता रहे और मंजिल की ओर एक कदम भी न बढ़ाए तो घर-आँगन में बैठे रहने से तो मंजिल मिलने से रही। मंजिल को पाने के लिए कदमों को बढ़ाना पड़ता है। यह सत्य है कि चलने वालों ने ही मंजिल से मुलाकात की है। -*कांतिलाल मांडोत*

हनुमान जी से सीखें सफल होने के मंत्र



संकलित

प्रेरणा

हिंदू धर्म में हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन केवल प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति की सीख नहीं देता, बल्कि मुश्किल समय में सही फैसला लेने, जिम्मेदारी निभाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। रामायण में हनुमान जी से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हैं, जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने का रास्ता दिखाती हैं। उनके व्यक्तित्व के 8 गुण ऐसे हैं, जिन्हें अपनाकर इंसान अपने काम और रिश्तों में बेहतर बदलाव ला सकता है। हनुमान जी का संवाद कौशल उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता था। अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते समय उन्होंने अपनी वाणी और व्यवहार से उनका विश्वास जीता। इससे सीख मिलती है कि बात केवल अपनी बात रखने की नहीं, बल्कि सामने वाले की भावनाओं को समझने की भी है। सही शब्दों और विनम्र व्यवहार से कठिन बातचीत को भी आसान बनाया जा सकता है। समुद्र पार करते समय सुरसा ने हनुमान जी का रास्ता रोक लिया था। इस बाधा को उन्होंने केवल बल से नहीं, बल्कि अपनी बुद्धि और सूझबूझ से पार किया। उनका यह प्रसंग बताता है कि हर परेशानी का हल ताकत दिखाने में नहीं होता है। कई बार शांत रहकर परिस्थिति को समझना और समय के अनुसार फैसला लेना ही सबसे बेहतर रास्ता होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। – *विनय तिवारी, रायपुर*

ट्रेंड

प्रकाश पर्व पर बधाई



सिख धर्म के चौथे गुरु श्री रामदास के प्रकाश पर्व पर बधाई। उन्होंने अमृतसर शहर की नींव रखी और दुनिया को आस्था का एक ऐसा केंद्र दिया, जो आज भी पूरी दुनिया को सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। -**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चोरी



दिल्ली के हर व्यापारी से: हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य। - **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

युवाओं के सपने



जिन युवाओं ने कभी देश की आजादी के लिए अपना खून बहाया था, वे आज बेरोजगारी के कारण अपना खून बहाने को मजबूर हैं। बीजेपी ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया है। यूपी इस समय बेरोजगारी और काम न मिलने के संकट से गुजर रहा है। - **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

ज़िंदगी की सच्चाई



ज़िंदगी की सच्चाई यह है कि जिन लोगों की आप परवाह करते हैं, वे कभी न कभी आपको दुख ज़रूर पहुंचाएंगे। आपकी समझदारी इसी में है कि आप सोच-समझकर चुनें कि आप किसे खुद को दुख पहुंचाने की इजाज़त देते हैं!
- **रामगोपाल वर्मा,** फिल्मकार

करंट अफेयर

डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर सकते हैं ट्रंप समर्थक



अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वाले कम से कम 25 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी मतदाता तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। लोगों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में जीवनयापन की लागत (65 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (53 प्रतिशत), रोजगार और वेतन (33 प्रतिशत) तथा शिक्षा (28 प्रतिशत) को मध्यावधि चुनावों के प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। सर्वेक्षण में शामिल 800 पंजीकृत दक्षिण एशियाई मतदाताओं में से 87 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं जबकि शेष 13 प्रतिशत पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, अफगानिस्तान और म्यांमा के अलावा कंबोडिया के खमेर समुदाय से संबंधित हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को वोट देने वालों में से 96 प्रतिशत आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालने की योजना बना रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप को वोट देने वाले 67 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी अब भी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन 25 प्रतिशत ने कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

ऑफ बीट

संभवत: यूरोप में हुई थी चमगादड़ों की उत्पत्ति



दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवत: यूरोप है। अब तक इस सवाल का जवाब तलाशने में एक बड़ी मुश्किल यह रही है कि पक्षियों के विपरीत, चमगादड़ों के जीवाश्मों में उनके विकास की शुरुआती अवस्थाओं के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। पक्षियों के जीवाश्मों का रिकॉर्ड इतना समृद्ध है कि उससे डायनासोर से मुर्गी तक जैसे पक्षियों एवं जानवरों के विकास की कड़ी को समझा जा सकता है, लेकिन जब वैज्ञानिकों को चमगादड़ों के जीवाश्म मिलते हैं, तो वे लगभग पूरी तरह विकसित चमगादड़ों के ही होते हैं। चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की लैब में पांच ब्रांड के वर्क की जांच, नाइट्रिक एसिड में घुलने और न घुलने के आधार पर सामने आया अंतर

पांच नमूनों को लेकर, पूरे प्रयोग को ऐसे समझें





पैकेट से सिल्वर परत निकाली गई



जांच के लिए कांच के पात्र में रखा गया



जार से नाइट्रिक एसिड लिया



पांच नमूनों में यह डाला गया

नाइट्रिक एसिड से जांच में सामने आया अंतर

लैब में खाद्य विश्लेषक अखिलेश श्रीवास्तव और उनकी टीम ने कैमरे के सामने नमूनों की जांच की। इस दौरान वर्क को नाइट्रिक एसिड के संपर्क में रखकर उसके व्यवहार का परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ ने बताया कि इस में चांदी और एल्युमिनियम के बीच अंतर समझने के लिए देखा गया कि नमूना एसिड के संपर्क में किस तरह प्रतिक्रिया करता है। जांच शेष पेज 2 पर



लैब टेस्ट के बाद परिणाम

पांच नमूनों की जांच की गई तीन पिघल गए वे सिल्वर थे। दो एल्युमिनियम निकले

हरिभूमि-आईएनएच की जांच में बड़ा खुलासा, मिठाइयों को सजाने वाले सिल्वर वर्क के पांच नमूनों में से दो निकले एल्युमिनियम के

संदीप शुक्ला, ललित राठौड़
अजय साहू की विशेष रिपोर्ट

दिवाली पर मिठाइयों की मांग बढ़ने के साथ उन्हें सजाने के लिए इस्तेमाल होने वाले चांदी वर्क की खपत भी बढ़ जाती है। काजू कतली, लड्डू और दूसरी मिठाइयों पर लगने वाली चमकदार परत को देखकर ग्राहक उसे चांदी का वर्क मान लेते हैं। लेकिन क्या मिठाइयों पर लगाया जा रहा वर्क वास्तव में चांदी का ही है? हरिभूमि ने इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए बाजार में बिकने वाले पांच ब्रांड के चांदी वर्क खरीदे और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की लैब में उनकी जांच कराई। जांच के दौरान पांच में से दो ब्रांड के नमूनों में चांदी के बजाय एल्युमिनियम की ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

गोल बाजार से सदर बाजार तक खरीदे नमूने





हरिभूमि की टीम सबसे पहले गोल बाजार में गोल गुंबद के पास स्थित दुकानों पर पहुंची। यहां मिठाइयों पर लगाने वाला चांदी वर्क मांगा गया। दुकानदारों ने अलग-अलग कंपनियों के पैकेट दिखाए। इनमें शाही, शक्ति, श्री और अनुपराम ब्रांड के वर्क शामिल थे। टीम ने तीन दुकानों से इन ब्रांड के नमूने खरीदे। इसके बाद सदर बाजार स्थित जैन मंदिर के पास से जैनम ब्रांड का वर्क लिया गया। इस तरह जांच के लिए कुल पांच ब्रांड के ▶▶|शेष पेज 2 पर



शरीर पर क्या असर

- **पेट और पाचन तंत्र:** एल्युमिनियम की अधिक मात्रा या कुछ एल्युमिनियम यौगिकों के सेवन से पेट में परेशानी, ▶▶|शेष पेज 2 पर

तीन तरह से नुकसान करता है एल्युमिनियम की परत

मिठाई में लगी नकली चांदी एल्यूमिनियम धातु होती है, जिसे खाने से तीन तरह से सेहत पर असर पड़ता है। पहला, यह पाचन तंत्र को खराब करता है। यह किसी भी उम्र के लोगों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा अधिक खाने से यह लिवर और किडनी को भी नुकसान पहुंचाता है। कई मामलों में यह भी देखा गया है कि लंबे समय तक इसे खाने से कैंसर की बीमारी हुई है। एल्यूमिनियम धातु घातक होती है।

-डॉ. प्रियांशु शर्मा
जनरल फिजिशियन



हरिभूमि की खबर पर कैबिनेट की मुहर, 31 सौ उपार्जन केंद्रों में होगी खरीदी

धान उत्सव 15 से, 27 लाख से ज्यादा किसानों से होगी खरीदी, मिलेंगे 3100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के किसानों के हक में अहम निर्णय लिया गया। राज्य के किसानों से 15 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। हरिभूमि ने पिछले दिनों सबसे पहले प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की थी, जिसमें धान खरीदी की अवधि से लेकर उपार्जन नीति का पूरा ब्योरा दिया गया था। इस खबर पर आज कैबिनेट की मुहर लगी है।

मंत्रिपरिषद ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसानों से दिनांक 15 नवम्बर 2026 से धान खरीदी करने का निर्णय लिया है। उक्त अवधि में 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जावेगी। किसान हित में बड़ा फैसला लेते हुए एग्रीस्टेक आईडी युक्त विगत वर्ष के पंजीकृत सभी कृषकों को धान विक्रय के लिए मान्य किया है, इन किसानों को पृथक से पंजीयन की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

ये हैं साय कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

- बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट में राहत
- ठेकेदारों को डामर की बढ़ी कीमत की मिलेगी क्षतिपूर्ति
- शासकीय कर्मचारियों को कैशलेस इलाज
- मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन हर साल 100 करोड़ होंगे खर्च
- मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन गाइड लाइन को मंजूरी
- नगर पंचायत कूंरा का नाम कुंवरगढ़
- 295 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना को मंजूरी
- पांच सरकारी परिसंपत्तियों का पुनर्विकास
- 400 करोड़ के निवेश से फल प्रसंस्करण इकाई
- मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन को मंजूरी

बायोमैट्रिक सिस्टम होगा लागू

अतिशेष धान की होगी नीलामी

मंत्रिपरिषद ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में अतिशेष धान की धान की नीलामी के माध्यम से निराकरण करने के संबंध में मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक के निर्णय का अनुसमर्थन किया है। मंत्रिपरिषद् ने खरीफ-2026 में "कृषक उन्नति योजना" के संशोधन संबंधी कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन ▶▶|शेष पेज 2 पर



बायोमैट्रिक सिस्टम से होगी खरीदी

एग्रीस्टेक में पंजीयन होने के कारण किसानों को धान विक्रय के लिए पृथक से ऋण पुस्तिका समिति में लाने की आवश्यकता नहीं होगी। डिजिटल क्राप सर्वे के माध्यम धान के रकबे का ऑनलाईन निर्धारण डिजिटल रूप से सुनिश्चित हुआ है। वास्तविक किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करने हेतु बायोमैट्रिक आधारित धान की खरीदी की जावेगी। किसानों को बेहतर एवं सुगम व्यवस्था प्रदान किये जाने हेतु 360 नये उपार्जन केन्द्र प्रारंभ किये जा रहे हैं, फलस्वरूप इस वर्ष 3100 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी सुश्चित की जायेगी। धान खरीदी के लिए समितियों में समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।


खुशखबरी...15 नवंबर से धान खरीदी, रोज 70 फीसदी छोटे किसानों के लॉट का कांटा

आदान सहायता प्रति एकड़ के मान से

कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान फसल पर आदान सहायता राशि प्रति क्विंटल के स्थान पर प्रति एकड़ के मान से प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे फसल विविधीकरण, किसानों की आय तथा उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार होगा। साथ ही उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्रीकरण और नवीन कृषि तकनीकों में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

खराब मौसम के चलते हरिभूमि आईएनएच का जिला संवाद स्थगित

जशपुरनगर। चक्रवाती तूफान की चेतावनी के कारण 28 अक्टूबर को आयोजित हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होने वाले थे। लेकिन मौसम विभाग की सूचना के बाद एहतियात के तौर पर जिला संवाद स्थगित किया गया है।

दस्तावेजों की कर रही जांच-पड़ताल

कारोबारी डागा और गुलशन के ठिकानों पर ईडी का धावा



कारोबारी गुलशन बघेल के मकान में कर रहे जांच

ईडी की दूसरी टीम ने दुर्ग के कारोबारी गुलशन बघेल के ऋषभ कॉलोनी स्थित उनके मकान में दबिश दी। ईडी के करीब 10 अधिकारियों की टीम दो वाहन में यहां पहुंची और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। गुलशन बघेल कॉर्पोरेट का फाउंडर है तथा ठगी के एक मामले में आरोपी भी है। बघेल कंपनी बिल्डिंग, सड़क निर्माण, अर्थवर्क, ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ भिलाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को कारोबारी नितिन डागा और गुलशन बघेल के ठिकानों पर दबिश दी। टीम ने राजधानी रायपुर में देवेंद्र नगर स्थित डागा के ठिकाने पर दबिश दी, वहीं बघेल के दुर्ग के ऋषभ कॉलोनी स्थित ठिकाने पर जांच की। बघेल्स कॉर्पोरेट के फाउंडर गुलशन बघेल के ठिकाने पर भी दबिश दी है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप

तालाब से निकाली गई कार, तीन शव बरामद

सीतापुर। बहराइच से लौटते समय रास्ते में लापता हो गए तीन लोगों के शव सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के तालाब से निकाली गई कार से बरामद किए गए हैं। रात 1.30 बजे के करीब कमलापुर थाना क्षेत्र के पंचपीर गांव के पास एक तालाब से क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान सिधौली निवासी राकेश बजरंग (50), शशीष (40) और अटरिया निवासी रामेंद्र (62) के रूप में हुई है। कार कमलापुर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे बने एक तालाब में अनियंत्रित होकर गिर गई थी।

स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। अहमदाबाद में मंगलवार को कई निजी स्कूलों और महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए। इसके बाद कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की गई, लेकिन ये धमकी झूठी पायी गईं। सुबह आनंद निकेतन, सैटेलाइट स्थित नारायण गुरु स्कूल, माउंट कार्मेल हाई स्कूल और नवरंगपुरा स्थित संत कबीर स्कूल सहित कई संस्थानों को भेजे गए ईमेल में दावा किया गया था कि दोपहर तक इन परिसरों में बम धमाके किए जाएंगे। ईमेल के स्क्रीनशॉट के अनुसार, खुद को 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' से जुड़ा बताने वाले प्रेषक ने 21 नवंबर को गायक दिलजीत दोसांझ के संगीत कार्यक्रम के दौरान नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भी विस्फोट करने की धमकी दी।

पिकअप से टकराने से बाइक सवार तीन की मौत

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मंगलवार दोपहर सड़क किनारे खड़े एक पिकअप वाहन से जा टकराने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शाहपुर जट गांव के पास उस समय हुआ, जब एक मोटरसाइकिल पर सवार गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी तीन लोग गढ़ गंगा में अपने मकान मालिक के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, मृतकों की पहचान गोविंद (35), रवि (37) और ब्रजेश (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर जब तीनों राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शाहपुर जट गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन से पीछे से जा टकराई।

सोशल मीडिया पर साझा किया वीडियो

सोनिया बोलीं-कुछ 'तमाशा' होना तय, अब मेरी बारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से जुड़े एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब राजीव को प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा गया था, तो वह पूरी तरह इसके विरोध में थीं। उन्होंने 10 नवंबर को प्रकाशित होने वाली अपनी पुस्तक 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि उनके बारे में दशकों से दूसरे लोग कहानी बताते आए हैं और अब अपनी कहानी कहने की उनकी बारी है तथा किताब सामने आने पर कुछ 'तमाशा' होना तय है। सोनिया गांधी ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने जीवन और सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बात की है। वीडियो में राजीव गांधी ▶▶|शेष पेज 2 पर

> ■ राजीव को प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा गया था, तो मैं इसके विरोध में थी

पहली बार राजीव गांधी से मुलाकात

अपने पहले 'एक्स' पोस्ट में उन्होंने बताया था, 'कैमब्रिज के एक छोटे से ग्रीक रेस्तरां में मेरे प्यार का सफर शुरू हुआ। राजीव और मैंने प्यार, हंसी और यादों से भरी एक दुनिया बनाई। 10 नवंबर को, मैं उस दुनिया को आपके साथ साझा करूंगी।' वीडियो में तस्वीरें दिखाते हुए कांग्रेस नेता ने राजीव गांधी को एक बहुत ही आकर्षक और सौम्य इंसान बताया। जब उनसे पूछा गया कि राजीव गांधी से प्यार होना कैसा था, तो उन्होंने कहा कि उन दिनों इंग्लैंड में खाना बहुत खराब होता था। तब आज की तरह इतने सारे रेस्तरां नहीं हुआ करते थे। इसलिए, मैं हमेशा ऐसी जगह की तलाश में रहती थी जहां मुझे अपने पसंद का खाना मिल सके। यानी इतालवी खाना। फिर हमें यह जगह (वर्सिटी रेस्तरां) मिली। यह एक ग्रीक रेस्तरां था, जहां कई यूरोपीय और भारतीय छात्र खाना खाने आते थे। और इसी रेस्तरां में मेरी मुलाकात राजीव से हुई।

केंद्र सरकार का ऐलान, टोल के समीप रहने वाले खरीद सकेंगे एनुअल पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एक नए टोल पास का ऐलान किया है। ये एक एनुअल टोल पास होगा, जो नेशनल हाईवे टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर की रेंज में रहने वाले लोगों के लिए लाया गया है। 1 नवंबर से ये टोल पास जारी होगा। इसके तहत टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर की रेंज में रहने वाले लोग 1500 रुपये का ये ऐनुअल पास खरीद पाएंगे। इस पास के लिए 1500 रुपये से तीन हजार रुपये तक देने पड़ सकते हैं.



ये निर्भर करता है कि आप उस टोल प्लाजा से कितनी दूरी पर रहते हैं। मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे ने इस बदलाव की जानकारी एक नोटिफिकेशन जारी कर दी है। ये बदलाव ▶▶|शेष पेज 2 पर

1 नवंबर से होगा लागू

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस बारे में एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम! 1 नवंबर 2026 से, नेशनल हाईवे टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले एलिजिबल नॉन-कमर्शियल वाहन मालिक 'रियायती लोकल पास' का फायदा उठा सकेंगे।

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग केस में आरोपियों पर लगा मकोका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर 18 अक्तूबर को हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मुंबई पुलिस ने मंगलवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम की सख्त धाराएं लगाईं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड ▶▶|शेष पेज 2 पर



बिश्नोई गैंग से आरोपियों के लिंक

इससे पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने टाइगर श्रॉफ से जुड़ी फायरिंग की घटना के पीछे कथित मकसद का पता लगाया था, जिसमें कहा गया था कि हमला पैसे ऐंठने, गैंग का दबदबा बनाने और लोगों में डर पैदा करने के मकसद से किया गया था। क्राइम ब्रांच की जांच के मुताबिक, फायरिंग की घटना में कथित तौर पर शामिल आरोपियों के लॉरेंस बिश्नोई गैंग से लिंक हैं।

एमआरपी और रिटेलर कीमतों में अंतर, सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

दवा निर्माताओं की मदद क्यों कर रहा पूरा सिस्टम?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य और खुदरा विक्रेताओं की लागत के बीच अत्यधिक अंतर को लेकर मंगलवार को केंद्र से सवाल किया कि पूरी व्यवस्था ही फार्मास्यूटिकल विनिर्माताओं की मदद करने के लिए क्यों काम कर रही है। केंद्र ने न्यायालय को बताया कि सरकार की नीति 'यह है कि पूरे परिवेश को नियंत्रित नहीं किया जाना चाहिए।' सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा, 'आखिर पूरी व्यवस्था इन



खास खबर

लोगों (विनिर्माताओं) की मदद करने के लिए क्यों काम कर रही है? पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण एक 'पूरी तरह से निष्क्रिय' संस्था प्रतीत हो रही है। न्यायालय उन दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें देश में दवाओं की कीमतों का मुद्दा उठाया गया है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित

हाल ही में दाखिल एक हलफनामे में, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कैंसर की दवाओं के लिए 'ट्रेड मार्जिन' को अब 30% तक सीमित कर दिया गया है। यह स्पष्ट किया गया कि यह 30% की सीमा दवा के 'मैक्सिमम रिटेल प्राइस' पर लागू होगी, न कि 'प्राइस टू रिटेलर' पर। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उदाहरण देकर पूरे मामले को भी समझाया। कोर्ट ने कहा कि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाला एक इंजेक्शन की कीमत 11,000 रुपए है, उसे अस्पताल 1.10 लाख रुपए में बेचते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को यह बताने का निर्देश दिया कि 'आवश्यक दवाओं' को तय करने के लिए क्या मानदंड अपनाए जाते हैं।

कैंसर की दवाओं की कीमतों पर भी उठे थे सवाल

12 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कैंसर रोधी दवाओं की खरीद और बिक्री के बीच के अंतर को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के 30 फीसदी तक सीमित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार का जवाब 'खुश होने लायक बिल्कुल नहीं है'। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया था कि सरकार अन्य दवाओं की खरीद और बिक्री के बीच के अंतर को सीमित क्यों नहीं कर सकती? इससे पहले, अस्पतालों की ओर से कैंसर की दवाओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर शीर्ष अदालत ▶▶|शेष पेज 2 पर

ऐतिहासिक

डा. अरविन्द शर्मा

रायपुर में हुआ व्यापक असर स्वतंत्रता आंदोलन का



2 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी उनके अन्य सहयोगियों, कांग्रेसाध्यक्ष आजाद एवं छत्तीसगढ़ के अन्य नेताओं की गिरफ्तारी से असंतोष की आग से छत्तीसगढ़ अंचल धधकने लगा। इस खबर के पहुंचते ही रायपुर में स्कूल, कॉलेज और बाजार बंद कर दिए गए, एक विराट जुलूस शहर के जिला कचहरी के समीप स्थित राष्ट्रीय विद्यालय से निकाला गया। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ, जुलूस में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारी - अंग्रेजों, भारत छोड़ो महात्मा गांधी की जय इन्कलाब जिन्दाबाद के नारे लगा रही थी, बीच में विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊँचा रहे हमारा का गायन भी चल रहा था। यह जुलूस शहर के प्रायः सभी प्रमुख चौराहों पर पर रुकता और प्रदर्शनकारियों द्वारा संक्षिप्त वक्तव्य भी दिए जाते रहे, फलतः स्थान-स्थान पर जुलूस में भाग लेने वालों की संख्या निरंतर बढ़ती रही और कुछ ही समय में 20000 से अधिक शिक्षक,



विद्यार्थी कार्यकर्ता, आम जनता स्वयं सेवक एवं कुछ स्त्रियां भी इसमें सम्मिलित हो गई । जुलूस जैसे ही कंकालीपारा चौक पर पहुंचा कानून और व्यवस्था के नाम पर पुलिस सक्रिय हो गई। जुलूस को तितर-बितर होने की चेतावनी देने के बाद भी वह पुलिस द्वारा रोके मार्ग का अतिक्रमण पर उतारू रही तब शालिगराम शुक्ला, रामानंद दुबे, राजेन्द्र कुमार चौबे, विजय कुमार दीक्षित, हरीसिंह दरबार, पं. गिरिजा शंकर मिश्रा, मानिकलाल चतुर्वेदी, रामगोपाल भारतीय, भगवतीचरण शुक्ला, नारायणराव अम्बालकर एवं याकूबअली गिरफ्तार कर लिए गए। यह जुलूस जो गांधी चौक की ओर बढ़ रहा था रुका नहीं बढ़ता गया। जब प्रदर्शनकारी पुलिस कोतवाली के समक्ष पहुंचे तो पुलिस ने खुले तौर पर गोली चलाने के लिए शस्त्र सम्भाल लिया रायपुर के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर ए.के. पाटिल घटनास्थल पर पहुंच गए, उनके हस्तक्षेप से जुलूस को आगे जाने दिया गया।

पौराणिक

कमलेश यादव

भगवान राम के वनवास काल का स्मरण कराता सीतामढ़ी घघरा



सीतामढ़ी, ग्राम घघरा, जिला कोरिया का महत्वपूर्ण पुरातात्वीय स्थल है। यह स्थल घघरा ग्राम से लगभग 2 किमी. की दूरी पर रांपा नदी के तट पर स्थित है। यह अवशेष मूलतः एक प्राकृतिक गुफा है जिसे काट-तराशकर कक्ष के रूप में परिवर्तित किया गया है। ग्रामवासी इसे सीतामढ़ी के नाम से जानते हैं। इस गुफा के मध्य गर्भगृह के सदृश्य संरचना है जिसके चारों ओर प्रदक्षिणापथ निर्मित है। इसके दायें ओर के कक्ष में शिवलिंग प्रस्थापित है। मुख्य कक्ष के दोनों तरफ के भित्ति में शैव द्वारपालों का अंकन है। इसके तीन ओर से प्रवेश द्वार निर्मित है। यह स्थल ग्रामीण आस्था का केन्द्र है तथा विशेष पर्वों पर यहाँ मेला भरता है। शैलोत्कीर्ण गुफा मंडप के रूप में ज्ञान संरचना संभवतः त्रिपुरी के कलचुरि शासकों के काल में निर्मित है। यहां का परिक्षेत्र टूटी फूटी बिखरी अवस्था में दिखाई देते हैं। लोगों की आस्था इस स्थल पर आज भी बनी हुई है।

परंपरा

प्रो. अश्विनी केशरवानी

रामरमिहा कहलाते हैं रेड इंडियन



छत्तीसगढ़ में कुछ क्षेत्रों में राम भक्त पूरे शरीर में राम नाम का अंकन गोदना से कराते हैं जिसे रामरमिहा कहा जाता है। रामरमिहा के गुरु और गोसाई लोग रंगीन मोर पंखों वाले बांस के मुकुट धारण करने वाले होते हैं। इस पर भी रामनाम की काली पट्टी लगी रहती है। बुध्दिजीवी इनकी तुलना रेड इंडियन से करते हैं। एक लेखक अपने लेख में लिखते हैं :- इन मुकुटों के कारण ये लोग रंग बिरंगे पंखों की शीश सज्जा करने वाले रेड इंडियनों की तरह नजर आते हैं। वैसे तो भारत में अंडमान द्वीप समूह तथा कुछ अफ्रीकी देशों के जन जातीय कबीलों में वृक्षों की छाल और मिट्टी के नैसर्गिक रंगों से अपने शरीर को चित्रित करने और रंगने की परंपरा है। लेकिन वहां यह सब सजावटी सा होता है। धार्मिक विधि विधान के तौर पर अपने पूरे शरीर में ईश्वर का नाम अंकित करने वाला संभवतः यह दुनिया का एक मात्र समुदाय है। यह समुदाय कोई छोटा मोटा जन जातीय कबीला नहीं बल्कि पांच लाख से भी ऊपर विशाल जनसंख्या वाले धर्मावलंबियों का एक संगठित पंथ है। जिससे जनतांत्रिक व्यवस्था का सबसे सशक्त अस्त्र अर्थात मतदान का अधिकार मिला हुआ है।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

कला जगत

डा. अर्चना पाठक



संगीत कला को काफी महत्व दिया जाता था छुरी जमींदारी में

छुरी जमींदारी में राजा महेंद्र पाल सिंह के समय में प्रसिद्ध मृदंगाचार्य भृगुनाथ वर्मा को संगीतिक गतिविधियों एवं प्रचार प्रसार हेतु संरक्षण प्राप्त था। राजा महेंद्रपाल सिंह, पंडरिया जमींदार राजा रघुराज सिंह के समकालीन थे। राजा महेन्द्रपाल सिंह संगीत, कला एवम साहित्य में गहरी रुचि रखते थे। संगीताचार्य भृगुनाथ वर्मा के द्वारा लिखित पुस्तक 'हारमोनियम फुलझड़ी' में राजा महेंद्र पाल सिंह द्वारा संगीत हेतु किए गए प्रयासों का स्पष्ट उल्लेख है।

तत्कालीन परिवेश में संगीत के विभिन्न विधाओं में संगीतज्ञों की आपसी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता था। चौकी ग्राम में भृगुनाथ वर्मा और मक्खनलाल पखावजी के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भृगुनाथ वर्मा के साथ रामधीन देवांगन पंडरिया भी सम्मिलित हुए थे।

संगीतज्ञ भृगुनाथ वर्मा 'मऊ के प्रसिद्ध पखावजी मदन मोहन' के शिष्य थे। भृगुनाथ वर्मा के प्रमुख शिष्य पंडित शिव प्रसाद त्रिपाठी काशी विश्वविद्यालय के प्रथम संगीत प्राध्यापक थे। भृगुनाथ वर्मा जी के साथ उनके शिष्य शिव प्रसाद



त्रिपाठी एवं पंडित रामसेवक चतुर्वेदी आदि गुणी संगीतज्ञों का आगमन छुरी में होता रहता था। भृगुनाथ वर्मा जी ने कलकत्ते में 'भृगुनाथ संगीतालय' की स्थापना की। इसमें राजा महेंद्र पाल ने विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान किया। भृगुनाथ वर्मा किसी एक स्थान पर ठहर कर नहीं रहे। वे निरंतर अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव, कांकेर आदि रजवाड़ों में आमंत्रित किए जाते थे। इसी प्रकार विभिन्न स्थानों में शिष्यों को संगीत से शिक्षित कर गांवों, जमींदारियों एवं रियासतों में निरंतर संगीत का प्रचार-प्रसार करते रहे।

पर्यटन :डा. सुधीर पाठक

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर सारासोर



अम्बिकापुर- बनारस मार्ग पर 40 किलो मीटर पर भैंसामुण्डा नामक स्थान हैं। यहाँ से भैयाथान मार्ग पर नदी के तट पर सारासोर नामक स्थान है। यहां पर महान नदी दो पहाड़ियों के बीच से बहने वाली जलधारा के रूप में देखी जा सकती है। इस जलधारा के मध्य एक छोटा मंदिर है जिसे गंगाधाम के नाम से जाना जाता है। महान नदी के बीच स्थित टापू के पूर्वी - उत्तर एवम् पश्चिमी भाग में अथाह जल कुंड है यहाँ वर्ष भर पर्यटक आते रहते हैं। यहाँ शिवरात्रि पर मेले का आयोजन भी होता है। यह मेला पहाड़ी की तराई में निर्मित शिव मंदिर के आस-पास लगता है। चारों तरफ घने जंगलों के मध्य यह स्थान पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वर्ष भर प्राकृतिक सौंदर्य के स्थल को देखने पर्यटक पहुंचते रहते हैं।

सुरता

डा. विनोद कुमार वर्मा

लोक साहित्य के लिए समर्पित रहा डा. सत्यभामा आडिल का जीवन

मध्यप्रदेश / छत्तीसगढ़ के साठोत्तरी हिन्दी साहित्य में डॉ. सत्यभामा आडिल का नाम महिला रचनाकारों में अग्रिम पंक्ति में लिया जाता है। लगभग 6 दशक से वे निरंतर सक्रिय रहे। शिक्षाविद् के रूप में उन्होंने 2001 में रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर में एम.ए. (हिन्दी साहित्य) में छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य का प्रश्नपत्र अनिवार्य रूप से रखकर, क्रांतिकारी कार्य किया! सूरज की कवयित्री नाम से ख्याति प्राप्त डॉ सत्यभामा आडिल के 05 हिन्दी काव्य संकलन- नर्मदा की भोर, निःशब्द सृजन, क्वांर की दुपहरी, काला सूरज, दस्तक देता सूरज,एक उपन्यास- प्रेरणा बिंदु से निवेंद तट तक, चार रेडियो नाटक- अभिशक्ता, वंशनाम, मातृत्व का विद्रोह, बुतखाना, दो यात्रा वृतांत- पहाड़ की ढलान से



समुद्र की सतह पर व मेरी बस्तर यात्रा, दो कहानी संग्रह- अपना सा लगता है घर व लॉकडाउन में बाबूमोशाय आलेख संग्रह- लोकचेतना के स्वर, शोधग्रन्थ- सन्त धर्मदास, कबीरपंथ के प्रवर्तक, सन्दर्भ ग्रन्थ- छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य, छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य और नवजागरण, सम्पादित ग्रन्थ- महाकवि खंडेराव भोंसले का महाकाव्यः राधाविनोद, संस्मरण व जीवनी-छत्तीसगढ़ में विवेकानन्द भावधारा के प्रवर्तक- स्वामी आत्मानन्द चर्चित हैं। आपने हिन्दी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी में भी कथा-संग्रह व काव्य का सृजन किया है। गोठ रतिहा पहागे, सूरुज के तसमई, छत्तीसगढ़ के महापुरुष,वेद कहिन (वैदिक ऋचाओं का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद)।

लोक साहित्यः डा. राजेश टंडन

लोक साहित्य में जनजीवन की सभी प्रकार की भावनाएँ बिना किसी कृत्रिमता के समाई रहती है। अतः यदि किसी क्षेत्र की समूची संस्कृति व साहित्य का अध्ययन करना हो, तो वहाँ के लोक साहित्य का अवलोकन आवश्यक हो जाता है। यह लिपिबद्ध बहुत कम और मौखिक अधिक होते हैं। अभी भी बहुत से मौखिक लोक साहित्य बहुत बड़ी मात्रा में असंगृहित हैं।

वाचिक परंपरा में बस्तर का महाकाव्य जगार

छत्तीसगढ़ का बस्तर अंचल लोक साहित्य की दिशा में काफी समृद्ध है। आज भी बस्तर में वांचिक परंपरा में लोक साहित्य विद्यमान है।जगार बस्तर का अलिखित लोक महाकाव्य है। यह एक ऐसी परंपरा है जिसमें कथा, कहानियों, गीतों या साहित्य को पत्रों पर लिखने के बजाए याद करके सदियों तक सुरक्षित रखा जाता है। पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ियों को मौखिक रूप से संपूर्ण कथा, कहानियों, गीतों या साहित्य का वाचन कराती है। इस तरह से, यह लोक साहित्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होते आए हैं । लोक साहित्य में जनजीवन की सभी प्रकार की भावनाएँ बिना किसी कृत्रिमता के समाई रहती है। अतः यदि किसी क्षेत्र की समूची संस्कृति व साहित्य का अध्ययन करना हो, तो



वहाँ के लोक साहित्य का अवलोकन आवश्यक हो जाता है। यह लिपिबद्ध बहुत कम और मौखिक अधिक होते हैं। अभी भी बहुत से मौखिक लोक साहित्य बहुत बड़ी मात्रा में असंगृहित हैं। लोक साहित्य किसी क्षेत्र, समुदाय व आँचलिकता की नींव मानी जाती है। 'जगार', संभवतः 'जागृति' या 'यज्ञ' शब्द का अपभ्रंश है। यह एक ऐसा लोक महाकाव्य है, जिसका पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरण स्मृति आधारित है। इसकी विशेषता यह है कि इसका गायन केवल महिलाओं द्वारा ही किया जाता है। जगार की प्रक्रिया में इसकी गायिकाएँ जिन्हें 'गुरुमांय' कहा जाता है, देवताओं का आह्वान करते हुए मंगल अवसरों पर विभिन्न प्रकार के जगारों का गायन करती हैं। आठे जगार, तीजा जगार, लक्ष्मी जगार इन तीनों जगारों की प्रकृति लोक महाकाव्य की है। इसके अतिरिक्त बाली जगार की प्रकृति खण्डकाव्य की है, यह जगार अब पूरी तरह से विलुप्ति की कगार पर है। ये चारों जगार अलिखित हैं और पूरी तरह से वाचिक परंपरा के सहारे मुखान्तरित होते आ रहे हैं। इनमें से आठे जगार, तीजा जगार और लक्ष्मी जगार की भाषा हल्बी एवं कहीं-कहीं हल्बी-भतरी-बस्तरी मिश्रित है। ये पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी भाषा में न होकर क्षेत्रीय भाषा में है। जबकि 'बाली जगार' की भाषा भतरी और देसया है। इन गीतों का स्वरूप कथात्मक और अकथात्मक दोनों हैं।

रायपुर
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 25, अंक : 99
पृष्ठ : 14+4+4= 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.8
न्यून. 20.9

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



अभिषेक के आगे वेलिंगटन में उड़ गई न्यूजीलैंड टीम

वेलिंगटन। भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 में एकतरफा अंदाज में 6 विकेट से हरा दिया। भारत ने 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 199 रन बना लिए। न्यूजीलैंड 6 विकेट से हारा और भारत ने दो मैच बाकी रहते ही 3-0 से सीरीज जीत ली। वेलिंगटन के हेनरी स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के सबसे बड़े हीरो अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने तूफानी शतक जड़ा।

CBC-19101/13/0021/2627

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

सबसे श्रेष्ठ ये देश
जो है स्वदेश

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

नई दिल्ली। भारत और इंडोनेशिया के सैनिकों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' का 11वां संस्करण मंगलवार को इंडोनेशिया के बान्युवांगी में शुरू हुआ। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जंगलों में विशेष अभियान चलाने की रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं का अभ्यास करना, हवाई हमले से संबंधित प्रशिक्षण देना है।



उच्च न्यायालयों के लिए 4 नामों की सिफारिश

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए चार न्यायाधीशों के नाम केंद्र सरकार को भेजे हैं। कॉलेजियम ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. सैम कोशी को दिल्ली उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।



कई इलाकों में तेज बारिश आंध्र तट से टकराया चक्रवाती तूफान

50 से अधिक ट्रेनें रद्द, 21 उड़ानें प्रभावित

साइक्लोन 'अर्नब' का तांडव, तटीय सड़कों से टकराईं ऊंची समुद्री लहरें

- लैंडफॉल के बाद आंध्र के कई इलाकों में भारी बारिश
- आंध्र प्रदेश और ओडिशा में बचाव तैयारियों में तेजी आई
- कई राज्यों में अगले 24 घंटे अहम

चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी में बहुत प्रचंड चक्रवाती तूफान बन चुका है। बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के बापटला से विशाखापत्तनम तट पर 140-150 किमी प्रति घंटा हवा के साथ लैंडफॉल हुआ। आंध्रप्रदेश और ओडिशा से 90 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कई ट्रेनें रद्द हैं। स्कूल बंद हैं। भारी बारिश और बाढ़ का खतरा है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को दिनभर बादलों का डेरा रहा और मौसम का मिजाज बदला नजर आया।



ओडिशा में 135 स्थायी आश्रय स्थल

ओडिशा में संवेदनशील इलाकों के लोगों को ठहराने के लिए 135 स्थायी चक्रवात आश्रय स्थल और लगभग 1,600 अस्थायी आश्रय स्थल तैयार किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने संभावित रूप से प्रभावित इलाकों में 294 बचाव दल तैनात किए हैं। इनमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के नौ, राज्य आपदा मोचन बल के 60 और अग्निशमन सेवा के 225 दल शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल में भी सतर्कता

मौसम विभाग ने 28 और 29 अक्टूबर को दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झारग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा और पश्चिम बर्धमान जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, कोलकाता में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



ऐसी तैयारी भी

आंध्र प्रदेश में 30 हजार नावें किनारे लगी

आंध्र के 89,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया

आंध्र-ओडिशा से चलने वालीं 53 ट्रेनें रद्द कर दी गई

ओडिशा ने 1,700 राहत शिविर तैयार किए

बस्तर समेत कई जिलों के स्कूलों में आज छुट्टी

जगदलपुर। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान का असर छत्तीसगढ़ में भी पड़ने की संभावना है। छत्तीसगढ़ के सभी जिला कलेक्टरों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मंगलवार शाम से ही बस्तर इलाके में मौसम में बदलाव दिखाई देने लगा है। कई जिलों में तेज हवाओं को साथ बारिश भी हुई है। भारी बारिश की आशँका को देखते हुए बस्तर संभाग के सभी जिलों में स्कूलों में 28 अक्टूबर को अवकाश की घोषणा कर दी गई है। बस्तर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर में जिला प्रशासन के निर्देश ▶▶शेष पेज 2 पर

24 घंटों में बस्तर दंतेवाड़ा और सुकमा में तेज हवाओं के साथ बारिश

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में बस्तर, दंतेवाड़ा और सुकमा के कुछ इलाकों में तेज हवाओं (60-80 किमी प्रति घंटा) के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। ऐसे चक्रवात सिर्फ तात्कालिक नुकसान नहीं पहुंचाते बल्कि लंबे समय तक अर्थव्यवस्था पर असर डालते हैं। तटीय क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मछली पालन, कृषि और पर्यटन पर निर्भर है। फसलों का नुकसान किसानों को कर्ज में धकेल सकता है।

एजेंसी ▶▶ अमरावती/भुवनेश्वर/रायपुर

बेहद भीषण चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान अर्नब मंगलवार देर रात दो बजे से बुधवार तड़के चार बजे के बीच बापटला और विशाखापत्तनम के बीच आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार किया। इस दौरान हवा की गति 125-135 किमी प्रति घंटा रही। आंध्रप्रदेश और ओडिशा में करीब 90 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। रेलवे ने कई ट्रेनें रद्द की हैं, जबकि विजयवाड़ा और ▶▶शेष पेज 2 पर

छत्तीसगढ़ की नदियों से ओडिशा में बाढ़ की आशंका

आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और झारखंड में नदियों के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश से पश्चिमी और उत्तरी ओडिशा में अचानक बाढ़ आने तथा जलभराव की आशंका है। चक्रवात के करीब आने के मद्देनजर ओडिशा के प्रमुख बंदरगाहों पारादीप, धामरा और गोपालपुर में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी मंगलवार दोपहर बारिश हुई।


मंगलवार शाम गरियाबंद और धमतरी में आसमान पर ऐसा नजारा दिखाई दिया।

चीता स्टेट मप्र का ये पहला मामला

कूनो के 19 माह के चीते को गोली मारी, मिले छर्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला हुआ

कूनो नेशनल पार्क से निकलकर मुरैना पहुंचे 19 महीने के मादा चीते को गोली मार दी गई। गोली लगने से चीते की मौत हो गई है। रविवार को बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला किया गया था। पहले जानकारी सामने आई थी कि ग्रामीणों ने चीते को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। हालांकि, अब जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की डॉक्टर डॉ. शोभा जावरे ने चीते को गोली लगने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान चीते के शरीर से छर्रे निकाले गए हैं। देश में किसी चीते को गोली मारने का यह दूसरा मामला है। कूनो नेशनल पार्क के चीतों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पार्क से बाहर निकलने वाले चीते सुरक्षित नहीं हैं।

होटल में फंदे से लटका मिला युवक का शव एनएच जाम इलाके में तनाव

हरियाणा पुलिस की हिरासत में मलकानगिरि के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



ओडिशा के मलकानगिरि जिले में हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के बाद एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में तनाव फैल गया। गांजा तस्करी के संदेह में हिरासत में लिए गए एमवी-65 गांव निवासी तनुप डे का शव सोमवार सुबह मलकानगिरि के एक होटल में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी सामने आने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ▶▶शेष पेज 2 पर

- परिजनों ने निष्पक्ष जांच और पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग की

गांजा तस्करी के संदेह में लिया था हिरासत में

हरियाणा के हांसी क्षेत्र की पुलिस टीम रविवार रात मलकानगिरि जिले के एमवी-65 गांव पहुंची थी। टीम ने गांजा तस्करी के संदेह में तनुप डे को हिरासत में लिया था। बताया गया है कि युवक को स्थानीय पुलिस थाने में ले जाने के बाद न्यायालय में पेश किया गया और हरियाणा ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड की अनुमति ली गई। देर रात होने के कारण उसे मलकानगिरि के एक होटल में ठहराया गया था। सोमवार सुबह होटल में उसका शव फंदे से लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद हिरासत के दौरान युवक के साथ क्या हुआ, उसे होटल में क्यों ठहराया गया और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, जैसे सवाल उठने लगे।

विद्युत मंत्रालय MINISTRY OF POWER
पावरग्रिड POWERGRID


"भारत ने ऊर्जा संरक्षण के लिए अनूठे और अभिनव उपाय अपनाए हैं, जो सतत विकास को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों को भी लाभान्वित कर रहे हैं।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



ऊर्जा संरक्षण पर
राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता-2026
विषय-वस्तु
विद्यालय और घर में ऊर्जा बचाएं
ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा सुरक्षा की कुंजी है

समूह क
कक्षा 5वीं, 6ठी और 7वीं
समूह ख
कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं

चित्रकला हेतु पुरस्कार

पुरस्कार श्रेणी	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार			पुरस्कार श्रेणी	राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार		
	पुरस्कार की संख्या	समूह 'क'	समूह 'ख'		पुरस्कार की संख्या	समूह 'क'	समूह 'ख'
प्रथम पुरस्कार/ स्वर्ण पदक	01	₹ 50,000/-	₹ 50,000/-	प्रथम पुरस्कार/ स्वर्ण पदक	01	₹ 1,00,000/-	₹ 1,00,000/-
द्वितीय पुरस्कार/ रजत पदक	01	₹ 30,000/-	₹ 30,000/-	द्वितीय पुरस्कार/ रजत पदक	01	₹ 50,000/-	₹ 50,000/-
तृतीय पुरस्कार/ कांस्य पदक	01	₹ 20,000/-	₹ 20,000/-	तृतीय पुरस्कार/ कांस्य पदक	01	₹ 30,000/-	₹ 30,000/-
प्रशंसा पुरस्कार	10	₹ 7,500/-	₹ 7,500/-	प्रशंसा पुरस्कार	10	₹ 15,000/-	₹ 15,000/-

राष्ट्रीय विजेताओं को लैपटॉप/टेबलेट दिया जाएगा तथा उन्हें भारत में अध्ययन भ्रमण का अवसर भी मिलेगा।

चित्रकला प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 नवंबर 2026 तक कर दी गई है.

प्रेषन हेतु पता
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 400/200 केवी उप-केंद्र , जी.ई. रोड, कुम्हारी , ज़िला दुर्ग(छ.ग.) 490042

- संपर्क -
Dr. Shruti Tiwari - 96850 92214

निर्वाचन आयोग का हलफनामा, याचिकाकर्ताओं को दिए 10 दिन

फॉर्म-6 पर आयोग के दावे को चुनौती, कोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य डोला सेन की उस नई याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा जिसमें आरोप लगाया गया है कि बिहार में मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान फॉर्म छह में बदलाव शीर्ष अदालत की मंजूरी के बिना किए गए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के उस हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं को 10 दिन का समय भी दिया, जिसमें आयोग ने मतदाता सूचियों के एसआईआर का बचाव करते हुए कहा है कि ▶▶शेष पेज 2 पर



आयोग ने किया था बचाव

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयोग के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका पर आयोग ने 248 पन्नों का जवाब दाखिल करके एसआईआर का पुरजोर बचाव किया। फॉर्म छह में संशोधन किए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए आयोग ने कहा कि मतदाता पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले वैधानिक फॉर्म छह में कोई बदलाव नहीं किया गया।

सीजेआई बोले-सभी मुद्दों पर किया जाएगा गौर

तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य डोला सेन की नई याचिका पर ईसी को नोटिस जारी करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सभी मुद्दों पर गौर किया जाएगा। उन्होंने पहली याचिका दायर करने वाले राकेश कुमार सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह से निर्वाचन आयोग के सोमवार देर शाम दाखिल जवाबी हलफनामे पर 10 दिन के भीतर प्रत्युत्तर दाखिल करने को कहा।

कांग्रेस बोली-चुनाव आयोग का हलफनामा भ्रामक

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय में सोमवार शाम दाखिल किया गया उसका हलफनामा भ्रामक, छलपूर्ण और दोहरी नीयत से भरा है। उन्होंने इसे चुनाव आयोग के लिए भी बेहद नुकसानदेह बताया। रमेश ने मतदाता पंजीकरण प्रपत्र में कथित गैरकानूनी संशोधन, विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों और मतदाता सूची के प्रबंधन में तकनीकी तंत्र के इस्तेमाल को लेकर आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।



जैकेट के शेष

हरिभूमि-आईएनएच की ...

परत होने की बात सामने आई, जबकि तीन ब्रांड के नमूने जांच में चांदी के पाए गए। जिन दो ब्रांड के नमूनों में एल्युमिनियम मिला, उनमें श्री और अनुपराम शामिल हैं। पड़ताल में यह भी सामने आया कि दुकानों पर चांदी वर्क के पैकेट 50 से 200 रुपए तक में बिक रहे हैं। पैकेट में वर्क की शीट की संख्या के आधार पर प्रति शीट कीमत अलग-अलग थी। कुछ पैकेट में एक शीट की कीमत करीब तीन से छह रुपए तक पड़ रही थी। बाजार में उपलब्ध इन उत्पादों पर शुद्ध चांदी होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकिकत में पैकेट पर किए गए दावे और उसके अंदर मौजूद वर्क की वास्तविकता एक जैसी नहीं है।

200 रुपए के पैकेट में भी मिला एल्युमिनियम : पड़ताल का अहम पहलू यह रहा कि श्री और अनुपराम ब्रांड के पैकेट टीम ने 200-200 रुपए में खरीदे थे। दुकानदारों ने इन ब्रांड को शुद्ध चांदी का वर्क बताया था। खाद्य विश्लेषक अखिलेश श्रीवास्तव के अनुसार, जांच में इन दोनों ब्रांड के नमूनों में एल्युमिनियम की परत मिली। इससे स्पष्ट हुआ कि केवल पैकेट की कीमत या दुकानदार के दावे के आधार पर वर्क की धातु की पुष्टि नहीं की जा सकती।

हाथ से रगड़ने पर भी दिखाया अंतर : खाद्य विश्लेषक अखिलेश श्रीवास्तव के लैब में विशेषज्ञ ने वर्क को हल्के से रगड़कर उसका अंतर समझाया। इस तरीके में चांदी के वर्क की परत रगड़ने पर हटती दिखाई दी, जबकि एल्युमिनियम वाले नमूने में वैसा बदलाव नहीं हुआ और रगड़ने पर हाथ पर निशान दिखाई दिया। विशेषज्ञ ने इसे पहचान समझाने का एक प्राथमिक तरीका बताया। इसके अलावा कहा कि त्योहारों के दौरान मिठाइयों की बिक्री बढ़ने से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। मिठाई पर लगी चमकदार परत को देखकर ही उसे शुद्ध चांदी का मान लेना उचित नहीं है। ग्राहकों को पैकेट पर निर्माता का नाम, लेबल और अन्य विवरण देखना चाहिए।

गोल बाजार से ...

नमूने जुटाए गए। दुकानदारों ने इन वर्क को शुद्ध चांदी का बताया था। टीम ने सभी पैकेट खाद्य एवं औषधि प्रशासन की लैब में जांच के लिए पहुंचाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मिठाइयों पर लगाई जाने वाली चमकदार परत असली चांदी की है या किसी दूसरी धातु की।

शरीर पर क्या असर...

मतली और दस्त हो सकते हैं। किडनी पर असरः शरीर में पहुंचे एल्युमिनियम को बाहर निकालने में किडनी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिन लोगों की किडनी पहले से कमजोर है, उनमें एल्युमिनियम जमा होने का खतरा अधिक हो सकता है। हड्डियों और तंत्रिका तंत्र पर असरः लंबे समय तक अधिक एल्युमिनियम के संपर्क में रहने से हड्डियों और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचने की आशंका है। लिवर पर असरः एल्युमिनियम के अधिक संपर्क से शरीर के विभिन्न अंगों में इसके जमा होने की संभावना पर शोध हुए हैं।

कारोबारी डागा और ....

सूत्रों से पता चला है कि इन दोनों कारोबारियों के ठिकानों पर जांच करते हुए ईडी को कई दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि इन दस्तावेजों की जांच में अगर बड़ी गड़बड़ी मिली तो दोनों कारोबारियों पर ईडी का शिकंजा और कस सकता है। सूत्रों के अनुसार ईडी की अलग-अलग टीम ने रायपुर, दुर्ग सहित अन्य कुछ जगहों पर कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। रायपुर में ईडी की टीम सुबह करीब 4 से 5 बजे पंडरी इलाके के रवि नगर स्थित सुशील विला पहुंची। यहां ईडी की टीम दो वाहन में सवार होकर पहुंची और कारोबारी नितिन डागा के घर में दस्तावेजों की जांच करना शुरू की। सूत्र से पता चला है कि डागा के यहां कई घंटों चली जांच के दौरान कई दस्तावेजों को खंगाला गया है। इन दस्तावेजों में क्या-क्या गड़बड़ी मिली है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

कारोबारी गुलशन ...

मटेरियल हैंडलिंग, ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जुड़े काम करती है। कंपनी सरकारी और निजी क्षेत्र की निर्माण परियोजनाओं में भी काम करती है। करीब 6 साल पहले गुलशन बघेल खुद को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भतीजा बताकर सरकारी नौकरी लगवाने का दावा करने और एक महिला से ठगी करने के आरोप में पुलिस गिरफ्त में भी आ चुका है। बताया जा रहा है कि कारोबारी के मकान से कई दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इसके अलावा कुछ दस्तावेजों में जिनके नाम सामने आए हैं, उन लोगों तक भी टीम पहुंच सकती है। फिलहाल टीम ने दबिश का कारण स्पष्ट नहीं किया है, देर शाम तक मकान से टीम निकली नहीं थी।

केंद्र सरकार का ...

नेशनल हाईवे फीस (रेट्स निर्धारण और कलेक्शन) (पांचवां संशोधन) नियम, 2026 के तहत किए गए हैं, जो 2008 में लागू किए गए मौजूदा नियमों को अपडेट करते हैं. इस स्कीम का मकसद नेशनल हाईवे पर मौजूद टोल प्लाजा के पास रहने वाले लोगों को रियायती टोल रेट्स देना है।

टाइगर श्रॉफ पर ....

क्राइम एक्ट (मकोका), 1999 के नियम डीसीबी सीआईडी सीआर नंबर 143/26 में लगाए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद इस कानून की धाराएं जोड़ी गई हैं। बता दें कि आरोपियों के खिलाफ मुंबई पुलिस ने 19 अक्तूबर को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

सोनिया बोलीं-कुछ ....

का जिक्र करते हुए सोनिया ने कहा, जब मेरे पति से प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा गया था, मैं इसके पूरी तरह विरोध में थी...। हालांकि, उन्होंने वीडियो में इस प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश नहीं डाला। वीडियो में एक जगह वह कहती हैं, 'मुझे नहीं पता कि मुझे पूरी कहानी बतानी चाहिए या नहीं।' राजीव गांधी पहली बार 31 अक्टूबर, 1984 को भारत के प्रधानमंत्री बने। उनकी माता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होंने यह पद संभाला। उस समय वह 40 वर्ष के थे और भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने। सोनिया गांधी ने 'एक्स' पर वीडियो साझा करते हुए कहा, इस किताब के आने पर कुछ तमाशा तो होना ही है। आखिरकार, दूसरे लोग दशकों से मेरी 'कहानी' बताते आए हैं, अब मेरी बारी है। उन्होंने अपनी कहानी स्वयं लिखने के पीछे की वजह का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन उसमें से काफी कुछ पूरी तरह सही नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि चूंकि मेरे बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और उसमें से काफी कुछ पूरी तरह सही नहीं था, या फिर वह गढ़ा गया था अथवा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया था। इसलिए मुझे लगा कि अब मैं अपनी कहानी लिख सकती हूं और तथ्यों तथा चीजों को वैसे ही बता सकती हूं, जैसी वे वास्तव में थीं।

दवा निर्माताओं की ....

एमआरपी, और खुदरा विक्रेताओं को जिस दर पर दवाएं उपलब्ध होती हैं, उनके बीच के भारी अंतर का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा, सरकार ऐसा होने दे रही है। यह सब सरकार की नजर के सामने हो रहा है। पीठ ने सवाल किया, 'क्या ऐसा बेलगाम होने दिया जाना चाहिए?' केंद्र की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को बताया कि भारत में दवाओं की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं। पीठ ने इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

कैंसर की दवाओं ....

ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की थी। इसके बाद केंद्र ने कहा था कि सरकार ने कैंसर रोधी दवाओं की खरीद और बिक्री के बीच के अंतर को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के 30 प्रतिशत तक सीमित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया

पेज एक के शेष

साइक्लोन 'अर्नब' का ....

विशाखापत्तनम हवाई अड्डों से उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। ओडिशा के 16 जिलों में स्कूल बंद किए गए हैं। चक्रवात के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर में मध्यम बारिश दर्ज की गई। झारग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा और कोलकाता के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा बीच पर समुद्र में तेज लहरें उठीं। तट पर तेज हवाएं चलती रहीं।

बस्तर समेत कई ....

पर जिला शिक्षा अधिकारियों ने इस आशय का आदेश जारी किया है। इन जिलों में आंगनबाड़ियों में भी छुट्टी रहेगी। खराब मौसम के चलते छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होने वाली संभावित परेशानियों और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं कुछ जिलों में मंगलवार 27 अक्टूबर को भी अवकाश की घोषणा की गई थी। इनमें दंतेवाड़ा, कोंडागांव और नारायणपुर जिले शामिल थे। इधर चक्रवात का बस्तर संभाग में व्यापक असर मंगलवार सुबह से ही दिखने लगा। सुबह से ही तेज हवाएं चल रही थी। शाम को 4 बजे के बाद कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी और कहीं कहीं झमाझम बारिश हुई। जगदलपुर शहर समेत ओडिशा के सीमाई क्षेत्र नगरनार में शाम को बारिश हुई। वहीं कोण्टा संवाददाता ने बताया कि आंध्र और तेलंगाना क्षेत्र लगा होने से कोण्टा में शाम से बारिश होती रही।

दुर्ग, बालोद, नांदगांव - एमएमसी में भी छुट्टी : चक्रवाती तूफान के चलते भारी बारिश की आशंका को ध्यान में रखते हुए दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव और मानपुर-मोहला-चौकी जिले के सरकारी स्कूलों में भी 28 अक्टूबर को अवकाश की घोषणा की गई है। इन जिलों के शिक्षा अधिकारियों ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

हरियाणा पुलिस की हिरासत...

ने राष्ट्रीय राजमार्ग-326 पर जाम लगाकर मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग की।

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप : युवक की मौत के बाद परिजनों ने हरियाणा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका आरोप है कि युवक के साथ मारपीट की गई और बाद में उसकी मौत को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। हालांकि, पुलिस पर लगाए गए इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और मौत का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

एनएच-326 जाम, थाने के बाहर जुटी भीड़ : घटना के विरोध में लोगों ने टायर जलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग-326 को जाम कर दिया और मलकानगिरि पुलिस थाने के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थिति को देखते हुए जिले के विभिन्न थानों से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया।

जांच के बाद स्पष्ट होगी मौत की वजह : मलकानगिरि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के हवाले से प्रकाशित समाचार के अनुसार, अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फॉर्म-6 पर आयोग के दावे को...

यह प्रक्रिया कानून के तहत अधिकृत थी। इससे संबंधित आदेश निर्वाचन आयोग के तीनों सदस्यों की सर्वसम्मति से जारी किए गए थे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान सेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सांसद मेनका गुरुस्वामी ने दलील दी कि निर्वाचन आयोग ने गलत दावा किया है कि फॉर्म छह में किए गए बदलावों को शीर्ष अदालत की मंजूरी मिली थी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट से जुड़ी सेन ने अपनी याचिका में फॉर्म छह के ऑनलाइन प्रारूप में कथित बदलावों और निर्वाचन आयोग की बाद की प्रेस विज्ञप्ति पर चिंता जताई, जिसमें संकेत दिया गया था कि बिहार में एसआईआर की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने इन बदलावों को मंजूरी दी थी या इन्हें बरकरार रखा था।

गुरुस्वामी ने दलील दी कि निर्वाचन आयोग बिहार में एसआईआर मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों से आगे बढ़ गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने फॉर्म छह में कथित बदलावों को मंजूरी नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मुद्दे पर भी विचार किया जाना चाहिए।

मतदाता पंजीकरण प्रपत्र-6 में संशोधन को लेकर सवाल : रमेश ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रपत्र-6 के साथ नए अनिवार्य घोषणा-पत्र को लेकर चुनाव आयोग ने विरोधाभासी दावे किए हैं। उनके अनुसार, पहले आयोग ने दावा किया था कि इस घोषणा-पत्र को उच्चतम न्यायालय ने सही ठहराया है, लेकिन बाद में अदालत ने इस दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा कि अब आयोग यह दलील दे रहा है कि नया घोषणा-पत्र अलग है और प्रपत्र-6 में कोई संशोधन नहीं किया गया। रमेश के मुताबिक, घोषणा-पत्र भरे बिना ऑनलाइन प्रपत्र-6 जमा करना संभव नहीं था। उन्होंने यह भी दावा किया कि 26 सितंबर 2026 को आयोग ने घोषणा-पत्र को प्रपत्र-6 के साथ जोड़े जाने की बात कही थी, जबकि अब वह इसे प्रपत्र का हिस्सा मानने से इनकार कर रहा है। उन्होंने इसे निर्वाचक पंजीकरण नियमावली, 1960 के कथित उल्लंघन पर पर्दा डालने की कोशिश बताया।

मेलानिया ने की मध्यस्थता

यूक्रेन के एक इलाके में संघर्ष विराम हुआ लागू

एजेंसी ▶▶| मिकोलाइव (यूक्रेन)



अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के नेतृत्व में मानवीय सहायता पहुंचाने की तैयारी के बीच मंगलवार तड़के रूस के कब्जे वाले एक यूक्रेनी क्षेत्र ओलेश्की में स्थानीय संघर्ष विराम लागू हो गया। ओलेश्की, कीव से लगभग 550 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि फिनलैंड के राष्ट्रपति और नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के कुछ समय बाद से, उनके बीच पहली बार बातचीत हुई है। जेलेंस्की के कार्यालय के अनुसार, पुतिन के साथ बातचीत के बाद, नॉर्डिक देशों के दोनों नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की।

अन्य शहरों पर हमले जारी

मंगलवार को यूक्रेन के दक्षिणी हिस्से के एक तबाह शहर में रूस और यूक्रेन ने स्थानीय स्तर पर संघर्ष विराम लागू किया। यह संघर्ष विराम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया की मध्यस्थता से तय किए गए एक मानवीय मिशन से पहले हुआ, लेकिन इस बीच मॉस्को ने यूक्रेन के अन्य शहरों पर अपने घातक मिसाइल हमले जारी रखे। यूक्रेन के समयानुसार, तड़के तीन बजे से संघर्ष रोक दिया गया ताकि इस सप्ताह के अंत में रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के शहर ओलेश्की में मानवीय सहायता पहुंचाई जा सके।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

महिला पत्रकार को धक्का, राहुल को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य लोगों को नोटिस जारी कर एक याचिका पर जवाब मांगा है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि 12 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट की ओर निकाले गए मार्च के दौरान राहुल गांधी ने एक गर्भवती महिला पत्रकार को धक्का दिया था। याचिका में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और पीड़िता को मुआवजा देने की मांग की गई है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Reputed English/Hindi Medium School (Pragati Vidyalaya, Bhanpuri, Raipur) Requires Qualified and Experienced staff for the following posts: PGT (Hindi Teacher) TGT (Science Teacher)Salary: As per experience and qualification.Interested candidates can contact immediately on the numbers given below: Contact Numbers: 9754955511, 9770598985.(आरे-100)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- अनुभवी ड्यूटी डॉक्टर - 6 (MBBS /BAMS/ BHMS), ICU ड्यूटी डॉक्टर 2, नर्सिंग स्टाफ 10 (B.Sc./ GNM), OT टेक्नीशियन 3, फ्लोर मैनेजर 1, रिसेप्शनिस्ट 2, ड्रेसर 2 की आवश्यकता है। पता: ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल, डी.डी. नगर, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 9993111117, 7880085048, 9131216229.(आरे-4198)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

गार्ड/ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालयः प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइलः - 7746000016, 7747000016.(आरे-815)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो. 7828644611.(आरे-009)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित संस्थान हेतु अनुभवी सीनियर अकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे जीएसटी आयकर टीडीएस और टेलिफाइलिंग का संपूर्ण ज्ञान हो ऐसे अकाउंटेंट की शीघ्र आवश्यकता है संपर्क करें:- मंडल मानिक एक्वा जेनेरिक टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्राली माना रायपुर 492015 मोबाइल नंबर:- 9669410004, 9179700909.(आरे-101)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

सुपरवाइजर/गार्ड

आवश्यकता है- वी.आई.पी. चौक, तेलीबांधा, एम.जी. रोड, टाटीबंध हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, की अतिशीघ्र आवश्यकता है। ड्यूटी 12 घंटे वेतन 12000-15000/- आयु सीमा- 25- 45 वर्ष कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। संपर्क नंबर- 9981144486. (आरे-236)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- तुरंत भर्ती! आकर्षक वेतन! भारत मेडिकल स्टोर्स, ए-मार्केट, सेक्टर 6 हेतु सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल्स तथा बी.एम. फार्मा, रिसाली हेतु अनुभवी फील्ड स्टाफ चाहिए। संपर्क: 9285284000.(आरे न.-4177)

Property प्रापर्टी

खरीदी/बिक्री

खरीदी बिक्री- भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुड़मुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो:- 7723023077, 7000058909. (आरे-237)



For Rent किराया

किराये पर उपलब्ध - शहर के हृदयस्थल, भाटागांव, बससर्टैंड के सामने, रिंगरोड पर गोदाम हेतु 2000, 1750, 200 एवम 10000 वर्गफीट, खुला जमीन किराये पर उपलब्ध सेक्युरिटी गार्ड, पानी सुविधा संपर्क- 9827116606. (आरे-421)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लिये व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में दिए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेम प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare

यौन रोग व यौन कमजोरी

प्रायः सदियों से लोग जानते है कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के गति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते है।

क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.बी.टी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

CLASSIFIED RATE CARD हरिभूमि
01 अप्रैल 2025 से लागू

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1630	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2030	380/- Sq cm

SCHEME
COLOUR Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 SQ. SIZE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

शब्द पहेली - 6391



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाए-
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर -4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

शब्द पहेली -6390 का हल

	बं	दा	न	वा	ज		आ	स	मा	न
न	दी		र		ल	बा	दा		र	जा
व		ज	म	ज	म		ब	री		क
जी	म	ना			ह	ठ		ता	क	त
व		चा		जे	ल		पे		ता	
न	ग	र	से	ठ		फ	ट	का	र	ना
	री		ना		स	ना		रो		म
सु	ब	ह		दा	म			बा	री	क
र		क	श		झ	न	का	र		र
ता	प		प	र	दा		म		क	ण
ल	ध	प	ध		र	च	ना	का	र	

सूडोकु नवताल - 6401

मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6400 का हल



डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स की याचिका पर केंद्र को नोटिस

डेटा प्रोटेक्शन कानून के खिलाफ 21 मीडिया ग्रुप पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

21 प्रमुख डिजिटल न्यूज़ पब्लिशर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स ए सो सि ए श न (डीएनपीए) ने सुप्रीम कोर्ट में 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट' को चुनौती दी है। संगठन का तर्क है कि इस कानून में पत्रकारिता के लिए कोई छूट न होने से खोजी पत्रकारिता और गोपनीय स्रोतों की सुरक्षा पर खतरा पैदा हो सकता है। एसोसिएशन ने यह भी कहा है कि कानून में सरकारी संस्थाओं को छूट दी गई है, जबकि पत्रकारिता के लिए वैसी सुरक्षा नहीं है। इस कानून के कई कड़े प्रावधान मई 2027 से लागू होने वाले हैं। याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जवाब तलब किया।

■ कहा- इस कानून से खबरों की रिपोर्टिंग करना मुश्किल होगा

याचिका दायर करने वालों में अंबानी और अदानी समूह भी शामिल

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने हालांकि, सरकार का पक्ष सुने बिना कानून पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर 2026 को होगी। याचिका दायर करने वाले 21 समाचार प्रकाशकों में मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह की नेटवर्क18, गौतम अडानी समूह की एनडीटीवी, द इंडियन एक्सप्रेस, टाइम्स इंटरनेट, द हिंदू, इंडिया टुडे, जी मीडिया और एबीपी सहित अन्य मीडिया संस्थान शामिल हैं।

निजता और प्रेस की स्वतंत्रता में संतुलन जरूरी

डीएनपीए की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने दलील दी कि पत्रकारिता को स्पष्ट छूट नहीं देना प्रेस पर पूर्व-नियंत्रण जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि खबर



प्रकाशित करने से पहले संबंधित व्यक्ति की अनुमति लेने की बाध्यता न्यूजरूम के कामकाज को प्रभावित करेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि मीडिया संस्थानों को व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग को रोकने के उपाय भी सुझाने चाहिए। उन्होंने टिप्पणी की कि निर्दोष नागरिकों के भी अधिकार हैं और निजता तथा प्रेस की स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करना आवश्यक है।

यह जनाई चिंता

सहमति की शर्त से होगी पत्रकारिता प्रभावित

डीएनपीए के मुताबिक, किसी व्यक्ति की निजी जानकारी इस्तेमाल करने से पहले उसकी सहमति लेना जरूरी होने से खोजी पत्रकारिता प्रभावित हो सकती है। अगर पत्रकार जांच के बारे में संबंधित व्यक्ति को पहले ही बता दें, तो वह सबूत नष्ट कर सकता है या गवाहों को डरा सकता है।

पत्रकारों के गोपनीय सूत्रों की पहचान उजागर होने का खतरा

डीएनपीए ने सरकार को संगठनों से जानकारी मांगने की शक्तियां दिए जाने पर सवाल उठाए हैं। एसोसिएशन का कहना है कि इन शक्तियों के इस्तेमाल से पत्रकारों के गोपनीय सूत्रों की पहचान उजागर हो सकती है। इससे भ्रष्टाचार, कॉर्पोरेट गड़बड़ियों और चुनावी अनियमितताओं की जानकारी देने वाले लोगों पर भी असर पड़ सकता है।

प्रकाशित खबरें हटाने का दबाव बन सकता है

याचिका में कहा गया है कि कानून के तहत व्यक्ति अपनी सहमति वापस लेकर निजी जानकारी मिटाने की मांग कर सकता है। एसोसिएशन को आशंका है कि इससे प्रकाशित खबरें हटाने या उनमें बदलाव करने की मांग की जा सकती है। याचिका के मुताबिक, कानून में सार्वजनिक हित की खबरों के लिए पर्याप्त सुरक्षा नहीं है।

एसआईआर से पहले कर्नाटक में थे 5.54 करोड़ मतदाता

कर्नाटक में एसआईआर के बाद कटे 1 करोड़ नाम, अमेठी में कई जिंदा के नाम गायब

कर्नाटक में एसआईआर प्रक्रिया के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी गई है। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 1.08 करोड़ मतदाताओं का नाम फाइनल रोल से हटा दिया गया। ऐसा एन्यूमरेशन फॉर्म जमा न होने के कारण हुआ है, जो कुल वोटरों का करीब 19.48 प्रतिशत हिस्सा है। इधर, अमेठी, यूपी में 200 जिंदा लोगों के नाम गायब हैं जबकि 4 दर्जन मृतकों के नाम दर्ज हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में चुनाव आयोग की जांच और सुनवाई की प्रक्रिया के बाद 61,867 लोगों को फाइनल वोटर लिस्ट के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वहीं, कुल 4.46 करोड़ मतदाताओं को शामिल किया गया है। वोटर लिस्ट को पूरी तरह से सटीक और पारदर्शी बनाने के मकसद से चुनाव आयोग ने बड़े पैमाने पर एएसडीडी- अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान की है। आंकड़ों के मुताबिक, लिस्ट में 65,45,679 मतदाताओं (11.81%) को स्थायी रूप से स्थानांतरित पाया गया। इसके अलावा, 19,00,926 मतदाता (3.43%) अपनी जगह पर अनुपस्थित मिले। 16,39,864 मतदाताओं (2.96%) का निधन हो चुका है, जिन्हें मृत के रूप में मार्क किया गया है। वहीं, 7,09,870 मतदाताओं (1.28%) के नाम पहले से ही कहीं और रजिस्टर्ड थे या वो डुप्लीकेट पाए गए।

देशभर में एसआईआर को लेकर को मचा हुआ है बवाल



कर्नाटक में मुख्य चुनाव आयुक्त ने दी दलील

कर्नाटक में मुख्य चुनाव आयुक्त अंबु कुमार ने फाइनल इलेक्टोरल रोल और वोटर एनरोलमेंट पर कहा, '16 जून, 2026 तक इलेक्टोरल रोल में लगभग 5.54 करोड़ वोटर्स में से, लगभग 1.08 करोड़ ड्राफ्ट रोल में शामिल नहीं थे। इसमें लगभग 18 लाख मरे हुए वोटर्स और लगभग 7 लाख डुप्लीकेट वोटर्स शामिल हैं। तो, लगभग 25 लाख वोटर्स या तो मरे हुए थे या डुप्लीकेट थे।'

फॉर्म 6 के जरिए जुड़ सकेंगे नाम

वोटर एनरोलमेंट कैंपेन पर अंबु कुमार ने बताया, 'हमने कई स्पेशल ड्राइव और कैंपेन चलाए हैं और खूब पब्लिसिटी की है। सभी पॉलिटिकल पार्टियों और उनके रिप्रेजेंटेटिव्स ने कोऑपरेट किया है। मेरी राय में, कर्नाटक में ऐसा कोई इलाका नहीं है जहां लोगों को इस मुद्दे के बारे में इन्फॉर्म नहीं किया गया हो. मेरा मानना है कि हर एलिजिबल वोटर **Form** 6 का इस्तेमाल करके अप्लाई करेगा।'

कांग्रेस ने किया विरोध

इस बीच, कांग्रेस ने इस पूरी प्रक्रिया की कड़ी आलोचना की है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि मतदाताओं की सुरक्षा करना राज्य सरकार और पार्टी का कर्तव्य है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में चल रही एसआईआर प्रक्रिया रोकने और **CEC** ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर की है। उन्होंने प्रक्रिया में गड़बड़ियों का आरोप लगाया है।

200 जिंदा लोगों के नाम गायब, 4 दर्जन मृतकों के नाम दर्ज

अमेठी वोटर लिस्ट विवाद : चंदा जुटाकर हाईकोर्ट पहुंचे ग्रामीण

उत्तर प्रदेश के अमेठी में पंचायत मतदाता सूची की बड़ी धांधली सामने आई है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बावजूद बीएलओ सर्वे के बाद भी ना तो जिंदा लोगों के नाम जोड़े गए और ना ही मृतकों के नाम काटे गए। दशकों से मतदान कर रहे परेशान ग्रामीणों ने आपस में चंदा जुटाकर न्याय पाने के लिए हाईकोर्ट का रुख किया। पवन कुमार समेत 137 लोगों ने रिट याचिका संख्या 10808/2026 दायर की है। इसके बाद अब प्रशासनिक अधिकारी जांच-पड़ताल के लिए गांव के चक्कर लगा रहे हैं। पूरा मामला महमूदपुर न्याय पंचायत का है। स्थानीय ग्रामीणों मो. अयाज खान, मो. रेयाज और हालिकुल निशा ने बताया कि वे पिछले 40 सालों से लगातार मतदान करते आ रहे हैं। इस बार अचानक उनके और उनके परिजनों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए, जबकि मृत लोगों के नाम दर्ज हैं। अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों को आपस में चंदा इकट्ठा करके कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।



एक्टर इमरान को अंतरिम राहत

नई दिल्ली। अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट से 2 नवंबर दोपहर 3 बजे तक के लिए अंतरिम राहत मिल गई है। इमरान 10 अक्टूबर को एसआईआर के विरोध में मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन में पहुंचे थे। एक्टर आमिर खान के भांजे इमरान अमेरिकी नागरिक और ओसीआई कार्ड धारक हैं, इसलिए वह भारत में किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले सकते। इस पर एफआरआरओ ने उन्हें नोटिस जारी करके 28 अक्टूबर तक देश छोड़कर जाने को कहा था। इमरान खान ने इस नोटिस को मनमाना बताते हुए इसके खिलाफ याचिका दायर की थी। इस पर चीफ जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ ने सुनवाई की।

'ज्ञानेश के इस्तीफे तक होगा आंदोलन'

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने मंगलवार को दिल्ली के त्रिलोकपुरी क्षेत्र में आयोजित जनसुनवाई के दौरान लोगों की चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतें सुनीं। इसको लेकर कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि राहुल गांधी ने त्रिलोकपुरी में 'वोट चोरी' के मुद्दे पर लोगों से बात की। कांग्रेस ने कहा कि वोट हर भारतीय नागरिक का अधिकार है, लेकिन आज करोड़ों लोगों से उनका यह अधिकार छीना जा रहा है। कांग्रेस के मुताबिक, वह काफी समय से इस मुद्दे को उठा रही है, लेकिन अब पूरा देश समझ रहा है कि 'वोट चोरी' टॉप लेवल से की जा रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि गरीबों को वोटर लिस्ट से हटाया जा रहा है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ अमीरों का हिंदुस्तान बनाने पर तुले हैं। पार्टी के मुताबिक, त्रिलोकपुरी में हुई आज की बैठक में देखा गया कि कैसे 4 बूथों से 416 नाम गैर-कानूनी तरीके से हटा दिए गए।

■ दिल्ली में जनसुनवाई के दौरान राहुल गांधी ने भरी हुंकार



4 बूथों से 416 मतदाताओं के नाम हटाने का दावा

राहुल गांधी ने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, तब तक पूरा विपक्ष एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से नहीं हटाते।

33 साल पुराना मामला

पूर्व मिस स्विट्जरलैंड ने ट्रंप पर लगाया रेप का आरोप

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने एक नई रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ट्रंप पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि पूर्व मिस स्विट्जरलैंड और मॉडल बीट्रिस केउल ने ट्रंप पर रेप का आरोप लगाया है। केउल का दावा है कि नवंबर 1993 की जिस घटना को उन्होंने पहले सिर्फ बदसलूकी और छेड़छाड़ बताया था, असल में उस दौरान ट्रंप ने उनके साथ रेप किया था। इसके अलावा रिपोर्ट में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेट्स द्वारा ट्रंप और कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के कथित संबंधों का ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट में बीट्रिस केउल के हमले का विवरण दिया गया है। इसमें यह भी जांच की गई है कि क्या ट्रंप, एपस्टीन और अन्य लोगों ने डोनाल्ड जे ट्रंप अमेरिकन ड्रीम पेजेंट को युवा महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया था।



व्हाइट हाउस ने आरोपों को बताया झूठा

व्हाइट हाउस ने रिपोर्ट में लगाए गए इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा कि इसका मकसद राष्ट्रपति ट्रंप की ऐतिहासिक उपलब्धियों और रिपब्लिकन पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से अमेरिकी जनता का ध्यान भटकाना है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता लॉरेन बिस ने पीपुल डॉट काम से कहा कि ट्रंप ने एपस्टीन को अपने मार-ए-लागो क्लब से बाहर कर दिया था। ट्रंप पर केउल के आरोपों के संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

एसीपी भगत मामला

महिला पत्रकार को राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महिला पत्रकार के खिलाफ दर्ज मामले की जांच पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया। महिला पत्रकार पर जंतर-मंतर के पास एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी के खिलाफ कथित जातिसूचक टिप्पणी करने का आरोप है। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा की अदालत ने दिल्ली पुलिस और मामले के शिकायतकर्ता सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विवेक भगत को नोटिस जारी किया है। महिला पत्रकार ने एफआईआर रद्द करने की मांग की है। अदालत ने पुलिस और शिकायतकर्ता को 16 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

अचानक लैपटॉप लॉग आउट, एक झटके में 500 भारतीयों को निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी डेटा इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्विस कंपनी 'इनडाटा' ने भारत में एक बड़ा झटका देते हुए लगभग 550 कर्मचारियों को यकायक नौकरी से बाहर कर दिया है। यह गाज सिर्फ भारत पर ही नहीं गिरी, बल्कि फिलीपींस में भी कंपनी की टीमों पर छंटनी की बड़ी मार पड़ी है।



नामी एआई कंपनी ने 'इनडाटा' ने की छंटनी

पीड़ित कर्मचारियों ने इस खौफनाक अनुभव को साझा करते हुए बताया कि सोमवार की सुबह किसी आम दिन की तरह ही शुरू हुई थी। सबने लॉगिन किया, काम में व्यस्त हो गए. लेकिन दोपहर के वक्त अचानक सुगबुगाहट शुरू हुई कि फिलीपींस वाली टीम (जिसमें रेटर्स, क्वालिटी एक्सपर्ट्स और टीम लीड्स शामिल थे) को एक जूम कॉल के जरिए अचानक नौकरी से निकाल दिया गया।

कंपनी ने यह दी सफाई

एक मीडिया ग्रुप के हाथ लगे टर्मिनेशन ईमेल के मुताबिक, कंपनी ने नौकरी से निकालने की वजह 'बिजनेस असाइनमेंट में कटौती' को बताया है। ईमेल में लिखा गया है, 'व्यापारिक और ऑपरेशनल जरूरतों को देखते हुए कंपनी ने इनडाटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में आपकी सेवाओं को समाप्त करने का फैसला किया है।' हालांकि, कंपनी ने यह साफ किया है कि यह फैसला किसी कर्मचारी के व्यक्तिगत प्रदर्शन की वजह से नहीं लिया गया है।

एआई वीडियो : माफी मांगे कांग्रेस : रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चीन को लेकर फर्जी एआई वीडियो फैलाकर दुश्मन के दुष्प्रचार का खुलकर साथ दिया है। उन्होंने इसे गद्दारी बताते हुए कांग्रेस से देश से माफी मांगने को कहा. सेना के फैक्ट चेक हैंडल ने भी वीडियो को गढ़ा हुआ बताया है। विवाद की शुरुआत एक वीडियो से हुई, जिसे एक्स पर डाला गया। आरोप है कि इसे बिहार के एक कांग्रेस नेता ने पोस्ट किया। वीडियो में सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों पर कब्जा कर लिया है।

नेतन्याहू के गुट और आईडीएफ पूर्व प्रमुख के बीच कड़ा मुकाबला

इजराइल में चुनाव संपन्न, 120 सांसद चुने जाएंगे, 4 को आएंगे नतीजे

एजेंसी ▶▶ येरूशलम

इजराइल में मंगलवार को चुनाव हुए। ये चुनाव 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले के बाद पहला चुनावी मुकाबला है। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और रात 10 बजे समाप्त हुआ। देश की संसद, 26वीं नेसेट के चुनाव के लिए मतदान करते हुए, इजराइलियों ने मंगलवार को शांति की उम्मीद जताई, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का समर्थन किया और इसके भविष्य में विश्वास व्यक्त किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने भी यरूशलेम के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और उनकी पत्नी मिशाल हर्जोग, देश के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने भी अपना वोट डाला। पीएम नेतन्याहू के सामने प्रमुख चुनौती पेश कर रहे गादी आइजेनकोट भी मतदान के दिन सक्रिय नजर आए। मतगणना के बाद शुरुआती तस्वीर कुछ घंटों में साफ हो सकती है, लेकिन सरकार बनाने को लेकर स्थिति



पीएम बेंजामिन नेतन्याहू मतदान करते हुए

स्पष्ट होने में समय लग सकता है। अंतिम मतगणना शुक्रवार तक पूरी होने की उम्मीद है, जबकि आधिकारिक नतीजे 4 नवंबर को जारी किए जाने हैं।

देशभर में 12,018 मतदान केंद्र

केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने के मुताबिक, देशभर में 12,018 मतदान केंद्र और 18,000 मतपेटियां तैयार की गई हैं। इनमें से 6,209 मतदान केंद्र दिव्यांगों और विशेष जरूरत वाले मतदाताओं के लिए सुलभ बनाए गए। चुनाव की तैयारियों में करीब 1.5 लाख कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे हैं, जिनमें मतदान के दिन तैनात लगभग एक लाख कर्मी भी शामिल हैं। मतदान और मतगणना की निगरानी के लिए करीब 15,000 कैमरे लगाए गए थे।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव

आखिरी पोल में ट्रंप के लिए निराशाजनक संकेत

अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से एक सप्ताह पहले जो जनमत सर्वेक्षण कराया गया है उससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पार्टी को निराशा जरूर होगी। ट्रंप डेमोक्रेट्स से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। टैरिफ वॉर और ईरान संघर्ष के कारण अमेरिकी मतदाताओं को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है और पोल परिणाम इसी नाराजगी को जाहिर कर रहे हैं। प्रमुख चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' (प्रतिनिधि सभा) पर अपना नियंत्रण खो देगी, जबकि सीनेट के नतीजों को लेकर स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। वोटिंग पहले ही चल रही है। कुल 21.70 करोड़ पंजीकृत मतदाता। मध्यावधि चुनावों (मिडटर्म इलेक्शन) में आमतौर पर मतदान प्रतिशत कम रहता है। 2022 में यह 46.2 प्रतिशत और 2018 में 50 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

तमिलनाडु की घटना

मिर्गी के दौरे का नाटक, गार्डों पर हमला, 17 कैदी हुए फरार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी सब-जेल से सोमवार देर रात 17 कैदी फरार हो गए। कैदियों ने एक साथी को मिर्गी का दौरा पड़ने का नाटक किया। उसकी मदद के लिए जैसे ही जेलकर्मी सेल में पहुंचे, सभी ने उन पर हमला कर दिया और फरार हो गए। पुलिस ने अब तक 5 कैदियों को गिरफ्तार किया है। बाकी कैदियों की तलाश जारी है। उन्हें पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गई हैं। आसपास के जिलों में अलर्ट जारी किया गया



है और पड़ोसी राज्य केरल की पुलिस को भी सूचना दी गई है। घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात 9 जेलकर्मियों और अधिकारियों को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है।

स्टेट बॉर कौंसिल बनाए गाइडलाइनः हाईकोर्ट

बिलासपुर। जूनियर वकीलों को मासिक वृत्ति देने को लेकर पेश जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस केआर महापात्र की डिवीजन बेंच ने स्टेट बॉर कौंसिल को एक गाइड लाइन बनाने का निर्देश दिया है। बॉर कौंसिल के वकील ने इसके लिए एक माह का समय मांगा, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। अगली सुनवाई 8 दिसंबर को होगी।हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने बताया कि नए नामांकित वकीलों को वित्तीय सहायता देने के मुद्दे पर 30 सितंबर को हुई कैबिनेट बैठक में चर्चा नहीं हो सकी थी। उन्होंने बताया कि इस विषय पर चर्चा के लिए 27 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक प्रस्तावित है और उसमें मामले पर विचार किए जाने की संभावना है। सुनवाई में याचिकाकर्ता सिद्धांत दास स्वयं उपस्थित हुए।



बीकॉम और एमकॉम के छात्र हलाकान, पुराने अधिनियम पर परीक्षा लेने की मांग

विद्यार्थियों को पढ़ाया आयकर अधिनियम 1961 अब परीक्षा से एक माह पूर्व बदल डाला सिलेबस!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुराना कोर्स ही पूरा नहीं, नए आदेश ने बढ़ा दी मुश्किलें

शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से आयकर अधिनियम 1961 का अध्ययन करने के बाद अब छात्रों को परीक्षा में नए आयकर अधिनियम से जुड़े सवालों का जवाब देना होगा। मामला बीकॉम तृतीय सेमेस्टर और एमकॉम प्रथम सेमेस्टर का है। दोनों ही कक्षा के छात्रों को एक टॉपिक के रूप में आयकर अधिनियम का अध्ययन करना होता है। 2025 तक देश में आयकर अधिनियम 1961 लागू था। इसमें ही समय-समय पर सुधार किए जाते रहे हैं। किंतु 2025 में इस अधिनियम को समाप्त कर आयकर अधिनियम 2025 लाया गया। घोषणा की गई कि यह अधिनियम अप्रैल 2026 से लागू होगा। अर्थात नया अधिनियम अभी लागू है।



खास खबर

समीक्षा संभव नहीं

वित्तीय वर्ष पूर्ण हुए बगैर उसकी समीक्षा संभव नहीं है। मार्च 2027 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का अध्ययन अभी कराया जाना जटिल है। विद्यार्थियों के अलावा प्राध्यापक भी मार्गदर्शन मांग रहे हैं।

- प्रो.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, निजी महाविद्यालय संघ

बीते वर्ष का अध्ययन करते हैं विद्यार्थी

वित्तीय वर्ष की शुरुआत अप्रैल माह से होती है। एक वर्ष पश्चात मार्च अंत में यह समाप्त होता है। जबकि नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत जुलाई माह से होती है। ऐसे में विद्यार्थी उस वित्तीय वर्ष का अध्ययन करते हैं, जो जुलाई माह में उनके प्रवेश के पूर्व मार्च माह में समाप्त हो चुकी होती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार की जा सके, उन्हें बीते वर्ष के आंकड़ों के माध्यम से चीजें समझाई जा सकें और वित्तीय वर्ष की पूर्ण समीक्षा की जा सके। वित्तीय वर्ष के जारी रहने और उसका अध्ययन करते रहना संभव नहीं है। इसलिए विवि बीते वर्ष के वित्तीय वर्ष का ही अध्ययन छात्रों को करवाते हैं। चूंकि आदेश अक्टूबर माह में जारी किया गया है, ऐसे में दिसंबर माह में होने वाली परीक्षा के लिए अध्ययन सामग्री जुटा पाना तथा चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा कर पाना छात्रों के लिए जटिल है। यही कारण है कि इसका विरोध किया जा रहा है।

जुलाई में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों को सत्र की शुरुआत से आयकर अधिनियम 1961 का अध्ययन करवाया गया। अब सेमेस्टर परीक्षाओं से एक माह पूर्व आदेश जारी कर छात्रों को नया अधिनियम पढ़ाने कहा गया है। मामला दुर्ग विवि का है, जहां 22 अक्टूबर को इस संदर्भ में आदेश जारी हुआ। आदेश के बाद दूसरे विवि के छात्र भी असमंजस में हैं, हालांकि वहां अभी भी पुराने अधिनियम का ही अध्ययन कराया जा रहा है। दुर्ग विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र व प्राध्यापक अब कोर्स पूरा ना होने का हवाला देते हुए पुराने सिलेबस से ही परीक्षा की मांग कर रहे हैं।

पानी भरते समय तेंदुए ने महिला पर किया हमला

नगरी। ग्राम पंचायत बांसपानी के आश्रित ग्राम टेमलीपारा में तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। दुधावा बांध के किनारे पहाड़ की तलहटी में बसे इस गांव में शाम करीब 6 बजे ग्रामीण घरों के सामने नल-जल योजना के तहत पानी भर रहे थे। इसी दौरान अचानक पहाड़ की ओर से आए तेंदुए ने 45 वर्षीय शांति मरकाम पिता सोनसिंह पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर ले जाने लगा।जानकारी के अनुसार शांति मरकाम अपनी बड़ी बहन कुमारी बाई के साथ रहती हैं। तेंदुए ने जब शांति पर हमला कर उसे घसीटना शुरू किया, तब उनकी बड़ी बहन ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शोर मचाया और तेंदुए की ओर दौड़ी। आसपास के ग्रामीण भी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचने लगे। लोगों के शोर मचाने और एकजुट होकर आगे बढ़ने पर तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। तेंदुए के हमले से शांति मरकाम के गले के पास और सिर पर चोटें आई हैं। इसके अलावा शरीर पर तेंदुए के नाखूनों से गहरे घाव हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।



कार्यालय वन संरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल

खेल परिसर, इंदिरा निकुंज, 74 बंगले, भोपाल फोन न. (0755) 2674296, फैक्स (0755) 2674345

इमारती लकड़ी के परिवहन हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना वर्ष 2026-27

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि भोपाल वन वृत्त के अन्तर्गत आने वाले उत्पादन वन मण्डल रायसेन के विभिन्न परिवहन समूहों से इमारती लकड़ी संबंधित काष्ठागारों में ट्रकों द्वारा परिवहन करने के लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत पते पर सील बंद निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है -

अ. क्र.	निविदा	निविदा देने का			निविदा खोलने का		
		स्थान	दिनांक	समय	स्थान	दिनांक	समय
1	प्रथम दौर की निविदाऐं	वृत्त कार्यालय भोपाल	29/10/2026	अपरान्ह 2 बजे तक	वन संरक्षक कार्यालय खेल परिसर, इंदिरा निकुंज, 74 बंगले, भोपाल	29/10/2026	अपरान्ह 3 बजे
2	द्वितीय दौर की निविदाऐं	वृत्त कार्यालय भोपाल	05/11/2026	अपरान्ह 2 बजे तक	वन संरक्षक कार्यालय खेल परिसर, इंदिरा निकुंज, 74 बंगले, भोपाल	05/11/2026	अपरान्ह 3 बजे
3	तृतीय दौर की निविदाऐं	वृत्त कार्यालय भोपाल	12/11/2026	अपरान्ह 2 बजे तक	वन संरक्षक कार्यालय खेल परिसर, इंदिरा निकुंज, 74 बंगले, भोपाल	12/11/2026	अपरान्ह 3 बजे
4	तृतीय दौर की निविदा के पश्चात अवशेष समूहों का नीलाम द्वारा निवर्तन	-	-	-	वन संरक्षक कार्यालय खेल परिसर, इंदिरा निकुंज, 74 बंगले, भोपाल	12/11/2026	अपरान्ह 4 बजे

संक्षिप्त निविदा शर्तें:.

1. प्रत्येक समूह के लिए पृथक-पृथक निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दी जावेगी ।
2. निर्धारित निविदा प्रपत्र (फार्म) संबधित उत्पादन वन मण्डल रायसेन एवं वनमंडलाधिकारी सामान्य भोपाल के कार्यालय से रू. 100 /- (एक सौ रूपये मात्र) की अदायगी पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. प्रत्येक निविदाकार प्रत्येक निविदा के साथ सत्यंकार राशि के रूप में रू. 3000/- (रूपये तीन हजार) की राशि का बैंक ड्राफ्ट / डिपाजिट एटकाल जो संबंधित वनमंडलाधिकारी के पक्ष में किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो एवं वनमंडल मुख्यालय की स्थानीय शाखा में देय हो, संलग्न करना होगा।
4. निविदाकार के नाम प्रत्येक समूह के लिए कम से कम एक ट्रक पंजीयन होना अनिवार्य है, जिसके प्रमाण के लिए आर.टी.ओ. का पंजीयन तथा फिटनेस प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. यदि निविदा किसी फर्म / संस्था की ओर से दी जाती है तो निविदा पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का अधिकार पत्र (पावर आफ अटार्नी) साथ में संलग्न करना होगा।
6. उत्पादन वनमंडल रायसेन के विभिन्न कूपों से इमारती काष्ठ के परिवहन हेतु दरें सम्पूर्ण दूरी के लिए प्रति घ. मी. तथा वन मण्डल उत्पादन रायसेन के विभिन्न कूपों से जलाऊ काष्ठ के परिवहन हेतु दरें संपूर्ण दूरी के लिये प्रति फड़ी दी जावे। इन दरों में लोडिंग / अनलोडिंग दरें शामिल रहेंगी।
7. तृतीय दौर की निविदा खुलने के पश्चात निवर्तन से शेष रहे इमारती समूह का निवर्तन दिनांक 12/11/2026 को अपरान्ह 4.00 बजे से नीलाम द्वारा किया जावेगा। नीलाम शर्त निविदा शर्तो के अनुसार ही रहेगी।
8. विस्तृत निविदा शर्तें एवं परिवहन समूह की सूची तथा अन्य आवश्यक जानकारी संबंधित वनमंडल उत्पादन रायसेन/ सामान्य भोपाल में किसी भी कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

वनसंरक्षक
भोपाल वृत्त, भोपाल

G-20572/26

गिरफ्तार व्याख्याता सस्पेंड

महासमुंद। छात्रा के साथ छेड़छाड़ और शराब सेवन के मामले में गिरफ्तारी के बाद व्याख्याता जीवन प्रसाद देवांगन, व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल अछोला, विकासखंड व जिला महासमुंद को लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा निलंबित कर दिया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उक्त कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी के 15.10.2026 को जारी पत्र के आधार पर की करते हुए जारी आदेश में कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा के विरूद्ध विद्यालय की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने तथा विद्यालय परिसर में शराब सेवन किये जाने की शिकायत मिली थी।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय जलपथ प्रमण्डल, चाईबासा

शुद्धि-पत्र

ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01EE/WRD/WWD/CBSA/SBD-01/26-27 जिसका पी•आर•संख्या–390605 (West Singhbhum) 26–27 (D) के माध्यम से प्रकाशित की गई को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

कार्यपालक अभियन्ता
जलपथ प्रमण्डल, चाईबासा।

PR.NO.392545 West Singhbhum(26-27):D

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला बस्तर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / 677/ लाईवलीहुड कॉलेज / ESTB/3017/2026 जगदलपुर, दिनांक 27/10/2026

संक्षिप्त विज्ञापन

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर अंतर्गत अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी अतिथि प्रशिक्षकों हेतु दिनांक 04.11.2026 समय प्रातः 10:00 बजे "Walk in interview" आयोजित की गई है। अधिक जानकारी जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह निदेशक
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

S-49585/1

चलती ट्रक में लगी आग, चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान

सिमगा। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार दूसरे दिन एक और सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। मंगलवार तड़के लगभग 4 बजे दामाखेड़ा ओवरब्रिज के ऊपर चलती हुई एक ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। ट्रक से धुआं और लपटें उठती देख चालक व परिचालक ने फौरन समझदारी दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही सिमगा पुलिस टीम और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हाईवे से हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल करा दी है। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले सोमवार सुबह लगभग 5:30 बजे ग्राम दरचुरा के पास रॉयल ट्रेवल्स की एक यात्री बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई थी। उस दर्दनाक हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर सहित 5 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 10 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला नारायणपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट (ऑनलाइन पद्धति) द्वितीय निविदा आमंत्रण संक्षिप्त सूचना

क्रमांक : 587 / जिनिस / 2026-27 नारायणपुर, दिनांक : 22.10.2026

स. क्र.	विवरण	समय एवं दिनांक
1	ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा प्रकाशन	28-10-2026 (सायं 05:00 बजे से)
2	ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07-11-2026 (सायं 05:00 बजे तक)
3	मूल दस्तावेज/ऑफलाइन दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	12-11-2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	13-11-2026 (अपराह्न 12:00 बजे से)

उपरोक्त निविदा हेतु, निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है। कार्य पूर्ण करने की समय सीमा, 09 माह है। निविदा हेतु सक्षम "डी" श्रेणी एवं उच्च श्रेणी के दस्तावेज आवश्यक हैं।

स. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
1	आदिवासी कन्या आश्रम कोहकामेटा (शेष निर्माण कार्य)	₹ 86.16	₹ 86,159.00

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण/जानकारी कार्यालयीन अवधि में (कार्यालय कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, कलेक्टर कार्यालय रोड, घड़ी चौक के पास जिला नारायणपुर) एवं https://eproc.cgstate.gov.in पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक नोडल अधिकारी/ कार्यपालन अभियंता
जिला निर्माण समिति
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

G-262704214/2

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1	202330 प्रथम आमंत्रण 23.10.2026	जमा मद के अंतर्गत चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ के चिकित्सालय भवन में लघु निर्माण के अंतर्गत भवन के आंतरिक भाग में जनरल वार्ड, कारीडोर एवं अन्य भाग में सिविल एवं विद्युत का जीर्णोद्धार / मरम्मत कार्य।	2209.63
2	202476 प्रथम आमंत्रण 23.10.2026	जिला कांकेर के पी.व्ही. 57 से नेडगांव मार्ग के कि.मी. 1/2 से 8/10 तक कुल 8.00 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	1133.03
3	202490 प्रथम आमंत्रण 23.10.2026	जिला रायपुर के मुख्य मार्ग से तेंदुआ लिंक मार्ग लंबाई 1.55 कि.मी. (2 लेन) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित।	280.97
4	202497 द्वितीय आमंत्रण 23.10.2026	अमतरा से लछनपुर मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	238.51
5	202498 द्वितीय आमंत्रण 23.10.2026	जिला रायगढ़ के तिलगा-भगोरा जामगांव मार्ग (मुख्य जिला मार्ग) के कि.मी. 7/6 में सपनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	565.83
6	202508 चतुर्थ आमंत्रण 23.10.2026	जिला बिलासपुर के चितावार-अमोरा मार्ग में मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	350.78
7	202518 द्वितीय आमंत्रण 23.10.2026	लछनपुर से मोहतरा तेली तक पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी., ग्राम सुखाताल से बिजराकांपा खुर्द पहुंच मार्ग लंबाई 1.70 कि.मी. एवं डिंडौल मुख्य मार्ग से विचारपुर मुख्य मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. कुल लंबाई 4.90 कि.मी. का निर्माण कार्य।	633.04
8	202538 द्वितीय आमंत्रण 23.10.2026	जिला बलौदाबाजार के कुची से बोहारडीह मार्ग लं. -2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल-पुलिया सहित।	223.29
9	202541 प्रथम आमंत्रण 23.10.2026	नाबार्ड पोषित योजनांतर्गत जिला रायपुर के अंतर्गत गोबरा नवापारा में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण कार्य सहित।	455.94
10	202542 चतुर्थ आमंत्रण 23.10.2026	जिला बिलासपुर के पोड़ी-आँक डी-लावर मार्ग के अरपा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	638.52
11	202544 चतुर्थ आमंत्रण 23.10.2026	जिला जांजगीर चांपा के पुराना एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	1301.72
12	202557 द्वितीय आमंत्रण 23.10.2026	शासकीय वीर सिंह गेंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर जिला कांकेर में बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य (बचत कार्य)।	252.79
13	202563 द्वितीय आमंत्रण 23.10.2026	जिला दन्तेवाडा के उदेनार से रायगोदी गरहद तक पहुंच मार्ग लंबाई 6.20 कि.मी. का निर्माण कार्य, जमा मद।	669.95

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 06, सं.क्र. 10 से सं.क्र. 11 दिनांक 03.11.2026, स.क्र. 01 से सं.क्र. 03, सं.क्र. 09 दिनांक 13.11.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 10.11.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ, कार्यालय
प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
नवा रायपुर अटल नगर

G-262704210/4

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बीजापुर वनमंडल, बीजापुर, जिला - बीजापुर (छ. ग.)

नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बीजापुर वनमंडल के बीजापुर/ काष्ठागार/बांसागार के ईमारती काष्ठ एवं अगरबत्ती काड़ी का **नीलाम दिनांक 02/11/2026 को प्रातः 09:00 बजे** से एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से ई- नीलाम द्वारा निवर्तन किया जावेगा । इच्छूक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे ई-नीलाम में भाग लें। ई-नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । ई-नीलाम के पूर्व लाटों को भली भाँति देख लें।

काष्ठागार का नाम	प्रजाति	नया काष्ठ अनुमानित मात्रा		पुराना काष्ठ अविक्रीत		योगः-	
		ईमारती काष्ठ (घ. मी.)	बल्ली / डेंगरी (नग)	ईमारती काष्ठ (घ. मी.)	बल्ली / डेंगरी (नग)	ईमारती काष्ठ (घ. मी.)	बल्ली / डेंगरी (नग)
1	2	3	4	5	6	7	8
ईमारती काष्ठ							
बीजापुर काष्ठागार	सागौन	0.000	0	268.765	473	268.765	473
	साजा	0.000	0	85.681	187	85.681	187
	हल्दू मुण्डी	0.000	0	20.120	11	20.120	11
	बीजा	0.000	0	162.688	81	162.688	81
	अन्य	0.000	0	56.730	429	56.730	429
	धावड़ा	0.000	0	0.000	36	0.000	36
	शीशम	0.000	0	0.489	0	0.489	0
	योग :-	**0.000**	**0**	**594.473**	**1217**	**594.473**	**1217**
जलाऊ चट्टा							
	03 नग चट्टा					03 नग चट्टा	
अगरबत्ती काडी							
	अगरबत्ती काड़ी (चौकड़ी)				लम्बाई 8 इंच		20 क्विंटल

टीप :- (1) क्रेताओं को ई-नीलाम से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग-इन करके देख सकते है। (4) ई-नीलाम में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी बीजापुर
वनमंडल, बीजापुर

G-262704216/2

भारत सरकार कारपोरेट कार्य मंत्रालय

त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India Ministry of Corporate Affairs

Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

[कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में]

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1643 **दिनांकः- 14/10/2026**

संदर्भः

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (15) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ़ राज्य से हटाने के मामले में:

S.no	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5985464	U47737CT2025OPC018781	आरएमए एग्रोटेक (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
2	AC6011213	U72200CT2010PTC022080	डिजिटेक्स सॉल्यूशंस कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5961340	U45203CT2021PTC012431	सौम्य समर्थ इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5955241	U51909CT2016PTC007652	प्राची ओर्स प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5955804	U27201CT2025PTC019271	लर्नक्राफ्ट इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5731449	U01113CT2021PTC012529	महाशक्तिमाया फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
7	AC5693636	U74999CT2020PTC009993	शिवाय एंटरटेनमेंट्स एंड फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5621172	U24110CT2022PTC012959	केबी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5763048	U34201CT2010PTC022077	सिंडल हाईटेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5954111	U74999CT2016OPC007399	प्राची बॉटलर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5950007	U28994CT2020PTC011039	एस्टर स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5905849	U38300CT2024PTC016079	डीएलएस बायोग्रीन प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5882991	U51909CT2019PTC009645	श्री जयबाबा पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5725677	U52609CT2019PTC009735	रोक्कम रिटेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5733898	U08109CT2025PTC017368	अरहम मिनरल्स एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति हो तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते है।

रौनक अग्रवाल
उप- पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केन्द्र

CBC 07123/11/0702/2627

मोबाइल देखने पर विवाद, बड़े ने छोटे भाई की कर दी हत्या

धमतरी। मोबाइल देखने की बात को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद में छोटे भाई की मौत होने के मामले में खल्लारी पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव निवासी कैलाश सोरी पिता जैतराम उम्र 19 वर्ष एवं उसका छोटा भाई कुंदन सोरी उम्र 16 वर्ष रविवार की रात्रि खाना खाने के बाद घर के आंगन में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। इसी दौरान मोबाइल देखने की बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान बड़े भाई कैलाश सोरी ने डंडे से छोटे भाई कुंदन सोरी के सिर एवं पीठ पर वार कर दिया।

CHHATTISGARH MINERAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)REGD. OFFICE: SECTOR 24, BLOCK NO. 07 A, THIRD FLOOR, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR (C.G.)-492015

e-Tender No.: MLS/Raipur/Operations/5/26-27/ET/10[CMDC AGENCY GRANITE PROSPECTIN]
Date: 28.10.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online and sealed tenders are invited from experienced parties for **"Engagement of Agency for Prospecting of Granite (Black Dolerite) Mulakisoli Block A – Area 9.79 Ha. & Block B – Area 39.149 Ha."**.

1. The Tender Document will be available for download at the cost of ₹ 20,000 + ₹ 3,600 (18% GST) (Total ₹ 23,600) (Rupees Twenty-Three Thousand Six Hundred Only). The Tender Document can be viewed and downloaded from the website of MSTC Ltd, namely mstcecommerce.com from 28/10/2026 to 26/11/2026 up to 3.00 P.M. against payment of the above cost of the Tender Document. Bidders shall not be allowed to bid without paying the above-mentioned Tender Fee. The cost of the Tender Document is non-refundable.
2. For clarification of the issues related to the tender pre bid conference will be held in CMDC's H.O. on 12/11/2026 at 3.00 P.M.
3. The last date for submission of Bid Document is 26/11/2026 up to 3.00 P.M. The hard copies of the Technical Bid only should be submitted to the CMDC's office on or before 26/11/2026 up to 3.00 P.M. Technical Bid will be opened on the same day at 4.00 P.M. at CMDC's Head office, Sector 24, Block No. 07 A, Third Floor, Atal Nagar, Nava Raipur (Chhattisgarh)-492015. For further clarifications, the Chief General Manager, CMDC, Raipur may be contacted at 0771-2960539 (E-mail: cmdcraipur@gmail.com).
4. Notice Inviting Tender (NIT) and Tender at a glance can be viewed and downloaded from the CMDC's website www.cmdc.co.in
5. The Notice Inviting Tender is in brief. For further details, the Bidder shall refer to the Tender Document.

S-49587/1 Managing Director

राज्य उपभोक्ता आयोग ने 2014 के मामले में सुनाया अहम फैसला

रिजर्व कोच में सामान चोरी रेलवे देगा तगड़ा मुआवजा

1.20 लाख का सामान हुआ था चोरी, देना होगा 9% ब्याज भी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से पटना जा रहे एक यात्री के ट्रेन के रिजर्व कोच में रखे सामान की चोरी के मामले में रेलवे को जिम्मेदार ठहराया गया है। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने रेलवे को यात्री को सामान की कीमत पर ब्याज के साथ 1.20 लाख रुपये और परेशानी के लिए 25 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। रेलवे ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन आयोग ने उसे खारिज करते हुए मुआवजे का आदेश बरकरार रखा. आयोग की अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल और सदस्य बिमला कुमारी की पीठ ने 6 अक्टूबर 2026 को यह फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि रिजर्व कोच में बिना टिकट के पैसेंजरों की एंट्री को रोकने में रेलवे की नाकामी और कर्मचारियों की लापरवाही दिखाई देती है।

रेलवे ने जिम्मेदारी लेने से किया था इंकार

जिला उपभोक्ता आयोग ने अप्रैल 2024 में रेलवे को लापरवाही का दोषी ठहराया था। रेलवे ने इसके खिलाफ अपील करते हुए दलील दी कि बिना बुक कराए सामान की चोरी के लिए वह जिम्मेदार नहीं है। रेलवे ने 'रेलवे अधिनियम' की धारा 100 का भी हवाला दिया। हालांकि, राज्य उपभोक्ता आयोग ने रेलवे की दलीलें खारिज कर दीं। पीठ ने कहा कि रेलवे की जिम्मेदारी है कि वह रिजर्व कोच में बिना टिकट के लोगों के एंट्री को रोके. रेलवे यह भी नहीं बता सका कि उस समय ड्यूटी शेड्यूल, लॉगबुक और सुरक्षा रिपोर्ट कहां हैं। आयोग ने कहा कि रेलवे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इसके बाद यात्री को 1.20 लाख रुपये पर सितंबर 2017 से 9 प्रतिशत सालाना ब्याज और मानसिक परेशानी के लिए 25 हजार रुपये देने का आदेश बरकरार रखा गया।

यह है मामला

यह मामला 7 जून 2014 का है। अजय कुमार महनंदा एक्सप्रेस से दिल्ली से पटना जा रहे थे। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो बिना टिकट के पैसेंजर ट्रेन के कोच में घुस आए। उन्होंने सीट को लेकर बहस शुरू कर दी. इसी दौरान यात्री का ध्यान भटकाकर वे उसका ट्रॉली बैग लेकर फरार हो गए। बैग में सोने-चांदी के गहने, कपड़े और जरूरी दस्तावेज रखे थे। चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 1.20 लाख रुपये थी। यात्री ने तुरंत रेलवे को इसकी शिकायत की, लेकिन एफआईआर दर्ज होने में देरी हुई। 23 अप्रैल 2015 को एफआईआर दर्ज की गई। मई 2017 में पुलिस ने आरोपियों का पता नहीं चलने की रिपोर्ट दाखिल कर दी।



संशोधित-वैश्विक चुनौतियों का स्थायी समाधान सिर्फ बातचीत और सहयोग से संभवः बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी स्थित संसद भवन में बीते 26 अक्टूबर से जारी दो दिवसीय 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का मंगलवार को औपचारिक रूप से समापन हो गया है। भारत की मेजबानी में हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के दौरान समूह के तमाम भागीदार सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने सर्वसम्मति के साथ एक संयुक्त घोषणापत्र को स्वीकार किया। वहीं, मंच के माध्यम से ब्रिक्स ने पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में लगातार बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और अपने-अपने राष्ट्रीय रुख को दोहराते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस घोषणापत्र में पिछले सितंबर महीने हमारे देश की अध्यक्षता में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किए गए नई दिल्ली घोषणापत्र में बनी सहमति को मजबूती के साथ दोहराया गया है।

सेनाप्रमुख ने माणा व जोशीमठ में परखी सैन्य तैयारियां

जवानों का दिया निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। रुणाचल प्रदेश में सैन्य झड़पों की अपुष्ट खबरों के बीच सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को उत्तराखंड के माणा और जोशीमठ में भारतीय सेना की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की है। यह दोनों क्षेत्र भी चीन के साथ केंद्रीय सेक्टर में मौजूद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से निकट दूरी पर स्थित हैं।

चीन के कब्जे वाले सोशल मीडिया वीडियो की सेना ने खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- वीडियो को बताया पूरी तरह से गलत और भ्रामक, नागरिकों से की अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील

क्या देश की पूर्वी सीमा से जुड़े अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों पर इन दिनों चीन का कब्जा है? क्या चीन की पीएलए सेना के कब्जे की वजह से ही भारतीय सेना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात अपने जवानों तक जरूरी रसद भी नहीं पहुंचा पा रही है? क्या पूर्वोत्तर में चीन के सैन्य वाहन भारत की सीमा में जबरन प्रवेश के साथ घुस आए हैं? ये वो बड़े और गंभीर सवाल हैं, जिनका जन्म बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रचारित-प्रसारित हो रहे कुछ वीडियो के माध्यम से हुआ। लेकिन सेना ने अपने आधिकारिक फेक्ट चेक से इन्हें दो टूक अंदाज में खारिज करते हुए पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार की गई गलत और भ्रामक जानकारी करार दिया है। साथ ही नागरिकों को ये चेतावनी दी है कि वो सोशल मीडिया पर ऐसे किसी भी वीडियो या अन्य पोस्ट में दी गई सामग्री पर बिना आधिकारिक स्त्रोतों की पुष्टि के बिना कोई फारवर्ड या रीपोस्ट न करें। वहीं, मामले को लेकर केंद्र की ओर से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, अरुणाचल प्रदेश से भाजपा के मौजूदा सांसद किरण रिजिजू ने मोर्चा संभाला और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।

भाजपा का लक्ष्य 2027 में कमल खिलाना : नवीन

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने



मंगलवार को गोवा के चिंबल में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया और कहा कि संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने ही आपातकाल लगाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया था। कांग्रेस की राजनीति में परिवारवाद और तुष्टीकरण हावी है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सेवा, समर्पण, विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। नवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भाजपा सरकार वर्ष 2037 तक विकसित गोवा का लक्ष्य पूरा करेगी।

द्वारका में देश के पहले सीबीएसई अनुभव केंद्र का जोशी ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी



ने मंगलवार को राजधानी स्थित द्वारका में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पहले अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया है। यह केंद्र आकार में देखें तो कुल छह हजार वर्गफीट में फैला हुआ है। इसके अलावा इसमें 12 खंड और 21 जीवंत प्रदर्शनियां हैं। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि अनुभव केंद्र का असल उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के बदलते स्वरूप, आधुनिक तकनीक और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू कराना है।

लिचेंस्टाइन से मिले दोहरे कराधान निवारण समझौते के प्रारूप की समीक्षा करेगा भारत

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। अगर सारी परिस्थितियां ठीक रही तो आगामी समय में भारत और मध्य-यूरोप के एक छोटे व समृद्ध देश लिंचेस्टाइन के बीच दोहरे कराधान निवारण समझौते (डीटीएए) को अमलीजामा पहनाया जाएगा। अभी फिलहाल इसे लेकर लिंचेस्टाइन ने एक महत्वपूर्ण प्रारूप नई दिल्ली को सौंप दिया है। जिसकी समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को राजधानी में हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने दी है।

इंडियनऑयल
CIN - L23201MH1959GOI011388
कैविएट सूचना / सार्वजनिक सूचना

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के समक्ष
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007 के अध्याय IX के नियम 142 के अंतर्गत कैविएट
कैविएटर / प्रस्तावित प्रतिवादी:
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL)
बनाम
प्रतिवादी / संभावित याचिकाकर्ता:

आम जनता, संगावित बोलीदाता, एथेनॉल निर्माता, आपूर्तिकर्ता, समर्पित एथेनॉल संयंत्र तथा एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2026-27 के साइकिल-I निविदा से संबंधित कार्यवाही आरंभ करने की संभावना वाले अन्य सभी व्यक्ति या संस्थाएँ

विषय-वस्तु आधारित कैविएट की सार्वजनिक सूचना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) अन्य तेल विपणन कंपनियों के साथ एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2026-27 के लिए साइकिल-I निविदा (C-1 Tender) के अंतर्गत 01.11.2026 से 31.10.2027 तक की आपूर्ति अवधि हेतु देशव्यापी संयुक्त एथेनॉल खरीद प्रक्रिया में भाग ले रही है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007 के अध्याय IX के नियम 142 के संदर्भ में माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के समक्ष विषय-वस्तु आधारित कैविएट दाखिल करने का प्रस्ताव रखता है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को आशंका है कि संभावित बोलीदाता, एथेनॉल निर्माता, आपूर्तिकर्ता, समर्पित एथेनॉल संयंत्र या अन्य प्रभावित व्यक्ति C-1 निविदा, उसकी शर्तों, आवंटन पद्धति, आवंटनों, स्वीकृति पत्रों (Letters of Award), क्रय आदेशों (Purchase Orders) अथवा उक्त खरीद प्रक्रिया से संबंधित अन्य विषयों को चुनौती देते हुए रिट याचिकाएँ या अन्य कार्यवाहियाँ दायर कर सकते हैं।

ऐसी कोई याचिका या कार्यवाही दायर किए जाने की स्थिति में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अनुरोध है कि याचिका/आवेदन तथा अंतरिम राहत के लिए प्रस्तुत किसी भी आवेदन की प्रति उसके नामित अधिवक्ता को उपलब्ध कराई जाए और खरीद प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी अंतरिम, तदर्थ अंतरिम (ad interim) या एकपक्षीय राहत अथवा स्थगन पर विचार करने या उसे प्रदान करने से पूर्व इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सुनवाई का अवसर दिया जाए।

उक्त विषय के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष जाने का प्रस्ताव रखने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे याचिका तथा उसके साथ प्रस्तुत अंतरिम आवेदन, यदि कोई हो, की अग्रिम प्रति निम्नलिखित नामित अधिवक्ता को उपलब्ध कराएँ:

श्री आनंद शुक्ला, अधिवक्ता
'कुसुम' एल-5, मकान संख्या 180-181, रामा वैली, बोदरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) - 495220
संपर्क संख्या: 09893626630
ईमेल: anandshukla22@yahoo.co.in
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL)
दिनांक: 28/10/2026 की ओर से

कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज.पं. धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक/ /भंडार/निविदा/2026-27 धमतरी, दिनांक 26.10.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं. धमतरी जिला धमतरी हेतु ग्राम पंचायत भटगांव, झिरिया, ढीमरटिकुर, झुरानवागांव, सिवनीखुर्द, कुरमातराई, बागतराई, छाती, संबलपुर में व्यावसायिक परिसर का निर्माण लोक निजी भागीदारी पद्धति (पब्लिक प्राइवेट पार्टनर शिप) से निविदा 20 वर्ष के अवधि के लिये इच्छुक फर्म/संस्था/ व्यक्तियों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की नियम व शर्तें कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज. पं. धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) से राशि रू 500/- (पाँच सौ रू) नगद जमा कर दिनांक 26.10.2026 से 12.11.2026 तक कार्यालयीन समय पर प्राप्त किये जा सकते है। इसका प्रकाशन ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के सूचना पटल पर किया गया है, अवलोकन कर सकते है। निविदा दिनांक 12.11.2026 साय 05.30 बजे तक जमा किये जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 02:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत धमतरी

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W-4/638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/11/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 0134150810014706, सदर बाजार धमतरी, 0131990820000271, दुर्ग, चारोदा स्क्वेयर भिलाई, 0134110710022944, 2949, 2962, 0277, चौहान एस्टेट, 0115880810028837, 8865, 8873, 8912, 8940, कृष्णा थियेटर रोड, 0125930810026837, 6854, महाराजा चौक, 0116770810018400, 8401, 8407, 8425, 8444, 8464, मालवीय नगर चौराहा, 0116610810019875, नेहरू नगर भिलाई, 0125780810023577, 3607, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 0126220810019369, 9385, 9403, 9427, 9430, पावर हाउस चौक भिलाई, 0134030810040957, 1031, 1041, 1062, संतराबाडी, 0112610810019879, 9883, 9889, 0054, रिमिति नगर भिलाई, 0115830810020411, 0413, 0260, कवर्धा, इंदिरा गाँधी चौक कवर्धा, 0134560810012833, 2872, 2874, महासमंद, बस स्टैंड महासमुंद छत्तीसगढ़, 0129980810025205, 0110, सरायपाली छत्तीसगढ़, 0138490810004823, 4871, रायपुर, अश्वनी नगर रायपुर, 0131360710020631, 0734, 0785, 0248, बजाईपाडा, 0113640710025705, बंसताल रायपुर, 0124250810011181, 1191, 1192, बुधापारा रायपुर, 0124430810033307, 3320, 3436, कटोरा तालाब रायपुर, 0131700810019612, 9624, 9674, मोवा रायपुर, 0129340810021360, 1362, 1373, 1374, 0101, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 0128700810022336, 2342, 2349, 2658, पंडरी रायपुर, 0114140810024689, 4696, 4722, 4744, 0171, 0174, 0175, 0180, सदार बाजार भाटापरा, 0134460810012781, संतोषी नगर रायपुर, 0131480810025272, 5304, 5315, 5351, 5381, 5403, 5404, 5770, तेलीबंधा रायपुर, 0123840810030590, 0671, राजनंदगाव, डोंगरगढ़ राजनांदगांव 0133670810013842, 0159, 0161, 0162, 0163, लालबाग राजनंदगाँव, 0133880720000360, 1911, 1994,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती कुमुदनी सोनकर पति- श्री सुशील कुमार सोनकर निवासी- बंधवा तालाब पारा, हनुमान नगर, लाखे नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मो नं- 97558 58990 के द्वारा विक्रेता श्री गजेन्द्र साहू पिता- श्री छगन लाल साहू निवासी- बम्लेश्वरी मंदिर के पास, भाठागांव, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. हक स्वामित्व व आधिपत्य भूमि जो वाके मौजा-भाठागांव, प.ह.नं.- 00060, रा.नि.म.- रायपुर-13-भाठागांव, तहसील- रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 941/4 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है। बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम बैनामा पंजीयन करायेंगे।

उक्त संव्यवहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज, अपने लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी।

"सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग.
दिनांक 27/10/2026 भवदीय
श्री कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा
रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
MO. 98266-74118

कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्र. 1396/ई-टेण्डर / लोक-11/2026-27 राजनांदगांव दिनांक 26/10/2026

ई- निविदा सूचना

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा भरने की अंतिम तिथि 16 /11 / 2026 शाम 5.30 बजे तक।

स. क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	लागत राशि लाख रूपय में
1	202625	वार्ड नं. 42 गुजराती स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	12.71
2	202623	वार्ड नं. 39 में सामुदायिक भवन विस्तारक कार्य	18.64
3	202622	वार्ड नं. 32 यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	12.71
4	202620	वार्ड नं. 30 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	21.19
5	202619	वार्ड नं. 26 चन्द्र इलेक्ट्रीक्लस भरकापारा एस.एल.आर.एम सेंटर के पास पुलिया निर्माण कार्य	21.91
6	202628	Construction of PCC Road & RCC Drain at Main Road to Patal Bharvi Mandir ward N. 45	13.55

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना क्रमांक-WRSR-09-26-27-OT-PRESS200, दिनांक 23/10/2026

कार्य का नामः- ओपन टेंडर के जरिए, WRS/Raipur में बाहरी एजेंसी द्वारा हिंदुस्तान हाइड्रोलिक्स की 200T क्षमता वाली हाइड्रोलिक प्रेस मशीन (7PH/7) की एक बार की मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्यः रु. 9,75,506/-** (रुपये नौ लाख पचहत्तर हजार पांच सौ छह मात्र) जीएसटी @ 18% सहित। **मात्रा और संविदात्मक अवधिः** संलग्न अनुलग्नक परिशिष्ट के अनुसार **तीन (03)** महीने की अवधि में। **बयाना राशि (रू): रु. 19,500/-** (रुपये उन्नीस हजार पाँच सौ मात्र)। **निविदा समाप्ति तिथि और समयः 25/11/2026** को 15:00 बजे। **बिड प्रारंभ की तारीखः 11/11/2026, पात्रता मापदंड-** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर
पीआर/आर/डब्ल्यूआरएस/एएन/250 द.पू.म.रेलवे रायपुर
South East Central Railway @secrail

पूर्व तट रेलवे
सूचना सं.: GEM/2026/B/8177234
दिनांक: 17.10.2026

कार्य का नाम : रायगड़ा मण्डल के सहायक मण्डल अभियंता/ रायगड़ा (RGDA) के अधिकार क्षेत्र में एनजी (NG) लाइन पर 30 संख्या वाले एलसी (LC) फाटकों के लिए 02 वर्ष (730 दिन) की अवधि के लिए गेट बूम को बंद करने और खोलने, ट्रेनों व सड़क यातायात के सुरक्षित आवागमन तथा आपातकालीन स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गेटमैन के रूप में भूतपूर्व सैनिकों (Ex-Servicemen) को अनुबंधित करने के लिए आउटसोर्सिंग का कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹4,69,25,130.00, **EMD:** ₹3,84,600/-, निविदा दस्तावेज की लागत: ₹ 11,800/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 02 (दो) वर्ष।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 11.11.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट:**http://www.gem.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), रायगढ़
PR-511/R/26-27

Rani Avanti Bai Lodhi College of Agriculture and Research Station Chhuikhadan
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya
Dist:Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai (CG)
Email: cars.chhuikhadan@igkv.ac.in

No./RABL-CARS/Dean/2026-27/905 Chhuikhadan, Dated: 26/10/2026

WALK-IN-INTERVIEW

Interested eligible candidates are invited to appear in a Walk-in-Interview for Guest Teacher purely on temporary basis in the discipline of Agricultural Statistics.

Last Date for submission of Application Form: 10/11/2026 (upto 5:00 PM) to Office of the Dean, Rani Avanti Bai Lodhi, College of Agriculture & Research Station, Chhuikhadan, KCG - 491885(CG) or through E Mail: **cars.chhuikhadan@igkv.ac.in.**

Date and Time for Interview: **20/11/2026 (11:00 AM onwards)**

Venue of Interview: College of Agriculture, IGKV, Raipur (C.G.)

Detail information regarding Qualification, Application Form, Pay and other terms & conditions can be seen on College Notice Board and University Website www.igkv.ac.in

Dean
RABL CARS
Chhuikhadan

कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)

क्र. /1446/नि.आ.सू./लो.नि.वि./2026 चिखलाकसा, दिनांक: 26/10/2026

"ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना"

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date: 26.10.2026 Time - 17:30 PM
2. Bid Due Date: 11.11.2026 Time - 15:30 PM
3. Physical submission: 16.11.2026 Time - 15:30 PM
4. Bid Open Date: 16.11.2026 Time - 17:30 PM

S. NO.	System Tender No.	Name of Work	Estimated Cost (In lacs)
1	202614	वार्ड क्रं. 03 में सदाराम के घर के सामने, वार्ड क्रं. 07 में कचरू के घर के सामने, वार्ड क्रं. 08 में हरि पणिकर के घर से मुकेश जैन के घर तक, वार्ड क्रं. 09 में कंचन वर्मा से नीलू के घर तक, वार्ड क्रं. 10 में पॉल वर्गिस के घर से मैथ्यू के घर तक, वार्ड क्रं. 12 में अभिषेक लोहिया के घर से अमित कुकरेजा के घर तक एवं रोशन कुकरेजा के घर के सामने, वार्ड क्रं. 13 में बॉबी के घर से संजय साहनी के घर के तक एवं वार्ड क्रं. 15 में डेकाटे के घर से विश्वास घर तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य।	19.60
2	202615	वार्ड क्रं. 04 बोधीराम के घर से राजेश के बाडी तक, वार्ड क्रं. 08 में लल्लूराम टेकाम से पेनु के बाडी तक, वार्ड क्रं. 09 में अनिता दास के घर से मिक्की सिंह के घर तक और नीलू के घर से मिक्की सिंह के घर तक, वार्ड क्रं. 13 में गुप्ता घर के पास एवं बहुर सिंह के घर से परमेश्वर घर एवं वार्ड क्रं. 15 में कुमार के घर से शर्मा घर तक सी.सी.रोड टॉप निर्माण कार्य।	11.63

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगढ़ संभाग

क्रमांक/कार्य.अभि./सामा./2444 डोंगरगढ़, दिनांक 26/10/2026

विद्युत बंद की सूचना

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी दीपावली पर्व 2026 को ध्यान में रखते हुए **दिनांक 29/10/2026 दिन गुरूवार** को डोंगरगढ़ संभागीय कार्यालय अंतर्गत 33 एवं 11 के.व्ही. फीडरों का मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय **सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक** है। विद्युत सप्लाई उल्लेखित समय तक बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई बढ़ाई जा सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	सब-स्टेशन का नाम	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्रों के नाम
01	33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन पनियाजोब	11 के.व्ही. चिद्दो फीडर	चिद्दो, खरखाटोला एवं इस फीडर के अतंर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
02	33/11 के. व्ही. सब-स्टेशन रूवातला	11 के.व्ही. रूवातला फीडर	गाड़ाभांवर, सलटिकरी, रूवातला, केशली, सहसपूर, मनकी, विष्णुपुर, गातापारकला, चारभाठा एवं इस फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
03	33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन मेढा	11 के.व्ही. पिनकापार फीडर	पिनकापार, पटपर, खैरवार एवं इस फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
04	33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन एल. बी. नगर	11 के.व्ही. खूबाटोला बस्ती फीडर	झिंझारी, गौतमनगर, मडियान, दमउदहरा एवं इस फीडर के अतंर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
05	33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन जरहामहका	11 के.व्ही. कल्लुटोला फीडर	कल्लुटोला, जरहामहका, मगरधोकरा, रीवाटोला, बनियाटोला, झिथराटोला, शिकारीटोला एवं इस फीडर के अतंर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
06	33/11 के. व्ही. सब-स्टेशन सड़कचिरचारी	11 के.व्ही. भगवानटोला फीडर	भगवानटोला, बजरंगीडीह, घोरातालाब, तेलीनबांधा एवं इस फीडर के अतंर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
07	33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन छुरिया	11 के.व्ही. साल्हेटोला फीडर	कुमर्रा छुरिया, घुपसाल, दीवानटोला, कल्लुटोला, साल्हेटोला, आमाटोला, धरमुटोला एवं इस फीडर के अतंर्गत आने वाले समस्त ग्राम।

" सूरज के किरपा पाबो पी. एम. सूर्यघर योजना अपनाबो"
छत पर अपन बिजली बनाबो शुन्य बिजली मुफ्त पाबो।
समय पर विद्युत देयक का भुगतान कर असुविधा से बचें।

कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि. डोंगरगढ़

सार्वजनिक सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल ने **'ऋषभ रियलिटी डेवलपर्स'** से भूमि को खरीदने और अधिग्रहित करने के लिए बातचीत की है। ऋषभ

खबर संक्षेप

नजारा टेक्नोलॉजीज दूसरी तिमाही में मुनाफे में लौटी

नई दिल्ली। गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब 35.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में करीब 34 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने इस दौरान राजस्व के लिहाज से रिकॉर्ड तिमाही दर्ज की। वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 803 करोड़ रुपये हो गया। कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) 93 प्रतिशत बढ़कर 120 करोड़ रुपये रही।

पाक के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर बढ़ाकर 12 प्रतिशत की



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर 0.50 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी। अप्रैल के बाद यह पहली बार है जब दर में बढ़ोतरी की गई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बयान में कहा कि यह फैसला 10 में से नौ सदस्यों के बहुमत से लिया गया। समिति ने पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने और निकट भविष्य में इसके समाधान की कम संभावना का हवाला देते हुए कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

बागची ने एचडीएफसी बैंक के सीईओ का पद संभाला



नई दिल्ली। अनूप बागची ने देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उनके पूर्ववर्ती शशिधर जगदीशन ने अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद सोमवार को पद छोड़ दिया। आईसीआईसीआई समूह में लंबे समय तक काम कर चुके बागची, एचडीएफसी बैंक के तीन दशक से अधिक के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले पहले बाहरी व्यक्ति हैं।

माइक्रोसॉफ्ट की कर्मियों को 'स्वैच्छिक' नौकरी छोड़ने की पेशकश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में पात्र कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक रूप से नौकरी छोड़ने की योजना पेश की। इसके तहत कंपनी छोड़ने का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को वित्तीय सहायता और करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

माइक्रोसॉफ्ट की कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी एमी कोलमैन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि यह योजना चारों देशों में चुनिंदा टीमों के उन कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका आंतरिक नौकरी ग्रेड 70 या उससे नीचे है।

भारत में है 23,000 कर्मचारी

भारत में माइक्रोसॉफ्ट के लगभग 23,000 कर्मचारी हैं लेकिन तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि देश में योजना के लिए पात्र कर्मचारियों की संख्या कितनी है। सूत्रों के मुताबिक, भारत में पात्र कर्मचारियों को इस प्रस्ताव पर फैसला करने के लिए एक दिसंबर तक का समय मिलेगा।

- कंपनी वैश्विक स्तर पर 60,000 कर्मचारियों को वीईओ का ऑफर देगी



योजना सभी विभागों में समान रूप से लागू नहीं होगी

संबंधित इकाइयों को भी कारोबारी जरूरतों के हिसाब से अपने कर्मचारियों की संख्या और संरचना में बदलाव करने का विकल्प मिलेगा। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने स्पष्ट किया है कि यह योजना उसके सभी विभागों में समान रूप से लागू नहीं होगी। शर्तों के बारे में ईमेल से सूचना दी जाएगी इसमें भागीदारी संबंधित कारोबार की प्राथमिकताओं, ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धताओं और कर्मचारियों की जरूरतों पर निर्भर करेगी। ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक, योजना के पात्र कर्मचारियों को प्रस्ताव की शर्तों के बारे में ईमेल के जरिये सूचना दी जाएगी। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी भारत में प्रतिभा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश जारी रखे हुए है।

कंपनी एआई ढांचे में निवेश के लिए प्रतिबद्ध

कंपनी ने 2025 से 2029 के दौरान क्लाउड और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और परिचालन के लिए 20.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी 2030 तक भारत में दो करोड़ लोगों को एआई कौशल से लैस करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

ये कर्मचारी होंगे पात्र

रिपोर्टों के मुताबिक एआई एक्सपीरिएंस,को पायलट, फाइनेंस,ह्यूमैन रिसोर्सेज, एक्सबॉक्स और विंडोज + डिवाइसेज जैसे विभागों के कुछ कर्मचारी पात्र हो सकते हैं.वहीं मार्केटिंग, कॉर्मशियल बिजनेस और सिक्योरिटी जैसे विभागों को कार्यक्रम से बाहर रखे जाने की जानकारी सामने आई है।

नौकरी छोड़ने पर पैसा मिलेगा

रिपोर्ट के अनुसार यह पैकेज सामान्य सेवरेंस व्यवस्था जैसा हो सकता है.इसके तहत कर्मचारी को सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के बदले एक महीने की बेसिक सैलरी के बराबर राशि मिलने की बात सामने आई है.इसके अलावा हेल्थ इंश्योरेंस और करियर ट्रांजिशन से जुड़ी सहायता भी मिल सकती है.उदाहरण के लिए अगर किसी कर्मचारी की मासिक बेसिक सैलरी एक लाख रुपये है।

दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री

ईंधन में एथेनॉल मिश्रण 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की फिलहाल कोई योजना नहीं : पुरी

एजेंसी ▶▶ पणजी

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा मौजूदा 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बातचीत के दौरान पुरी ने यह भी दावा किया कि जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

पुरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर गलत जानकारी एक ''मनगढंत कहानी'' है। ई20 ईंधन को लेकर जारी चर्चाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''जहां तक जैव ईंधन का सवाल है... हां, एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य 20 प्रतिशत था और फिलहाल इसे 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई इच्छा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते में घाटे का प्रमुख कारण

एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दिया जा रहा

सरकार आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की अपनी रणनीति के तहत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दे रही है। आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते के घाटे के प्रमुख कारणों में से एक है। देश में ई20 ईंधन पहले ही शुरू किया जा चुका है, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है।

- जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही
- ई20 में 20 फीसदी एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है



सोशल मीडिया की पोस्ट देखी

'अनुसंधान से व्यावसायीकरण तक ऊर्जा नवाचार को गति देना' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन दक्षिण गोवा के बेतुल गांव में किया गया। इसका आयोजन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कर रहा है। पुरी ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' देखी थी, जिसमें दावा किया गया था कि वाहन बंद पड़ गए हैं और उनमें खराबी आ रही है।

2003 से पहले बने वाहनों में कुछ समस्या थी

इससे यह संकेत मिलता था कि सरकार ने मिश्रित ईंधन की बिक्री बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि ई20 मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल इसके अनुरूप बने वाहनों के लिए है। उन्होंने कहा, ''2003 से पहले बने पुराने वाहनों में कुछ समस्या थी।''

सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपए की बचत हुई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई20 पेट्रोल की शुरुआत से केंद्र सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई, जिसमें से 1,40,000 करोड़ रुपये किसानों को वापस दिए गए। उन्होंने कहा, ''किसान अन्नदाता (भोजन देने वाले) से ऊर्जादाता (ऊर्जा देने वाले) बन गए हैं।''

इंजन को नुकसान पहुंचने की बात गलत

ई20 ईंधन का इस्तेमाल करने वालों की ओर से बताई गई समस्याओं के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा, ''मुझे लगता है कि मिश्रित ईंधन के परिवहन में समस्या थी। इसके परिवहन में इस्तेमाल होने वाले टैंकरों का उपयोग अन्य चीजों के लिए भी किया जाता था।'' उन्होंने कहा, ''जहां तक इंजन को नुकसान पहुंचने की बात है, किसी ने यह दावा किया था और संबंधित वाहन निर्माता ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया है।''

भारत ने एलपीजी आयात के स्रोत 41 देशों तक बढ़ाए

भारत ने पश्चिम एशिया संकट के दौरान एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के साथ आयात के स्रोतों की संख्या 27 से बढ़ाकर 41 की। पुरी ने यह भी कहा कि देश की तेल शोधन क्षमता 2030 तक बढ़कर 30 करोड़ टन सालाना होने की उम्मीद है। दैनिक घरेलू एलपीजी उत्पादन 34,000 टन से बढ़कर 55,000 टन हो गया। इसके साथ ही अमेरिका और अल्जीरिया जैसे देशों से आयात बढ़ाकर खाड़ी क्षेत्र से आपूर्ति में आए गतिरोध की भी भरपाई की गई।

जीएसटी पंजीकरण, कर मांग और निर्यात भुगतान पर परिपत्र जारी

सीबीआईसी ने जारी किए आठ परिपत्र



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी पंजीकरण, कर मांग और निर्यात भुगतान सहित विभिन्न मुद्दों पर आठ परिपत्र जारी किए हैं। इनका उद्देश्य कर अनुपालन की प्रक्रिया को आसान बनाना, कर अधिकारियों के कामकाज में एकरूपता लाना और करदाताओं को प्रक्रियागत स्पष्टता देना है। ये परिपत्र इस महीने की शुरुआत में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों के अनुरूप जारी किए गए हैं। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाला अंतिम निकाय जीएसटी परिषद है।

सीबीआईसी ने 26 अक्टूबर को जारी दिशानिर्देशों में जीएसटी पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेजों की सूची और सहमति पत्र, हलफनामे तथा शपथ पत्र के प्रारूप दिए हैं। इससे पंजीकरण आवेदनों पर कार्रवाई के दौरान कर अधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण या अतिरिक्त दस्तावेज मांगने की जरूरत कम होने की उम्मीद है।

बोर्ड ने केंद्रीय जीएसटी कानून के तहत कर मांग, न्यायनिर्णयन और अपील की कार्यवाही पर भी दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक, जहां संभव हो, करदाताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने से पहले अपना पक्ष स्पष्ट करने का अवसर दिया जाए।

एआई-मानवीय निगरानी अनिवार्य की गई

बोर्ड ने कर निर्धारण संबंधी न्यायनिर्णयन प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा (एआई) और अन्य प्रौद्योगिकी साधनों के इस्तेमाल पर मानवीय निगरानी अनिवार्य की है। एआई से मिली जानकारी पर भरोसा करने या उसे आदेश में शामिल करने से पहले उसकी सटीकता का स्वतंत्र सत्यापन करना होगा।

समायोजन व्यवस्था को मान्यता दी गई

निर्यातकों के लिए जारी एक अन्य परिपत्र में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत अनुमति-प्राप्त समायोजन व्यवस्था को मान्यता दी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, यदि निर्यात से मिलने वाली राशि का आयात भुगतान के साथ समायोजन किया जाता है, तो एकीकृत जीएसटी कानून के तहत सेवाओं के निर्यात के लिए निर्धारित भुगतान प्राप्ति की शर्त पूरी मानी जाएगी।

जेएलआर के 'डिफेंडर' मॉडल का भारत में उत्पादन शुरू

मुंबई। लक्जरी वाहन विनिर्माता जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया ने अपने एसयूवी 'डिफेंडर 110' का पुणे स्थित संयंत्र में उत्पादन शुरू कर दिया है जिससे इस मॉडल के शीर्ष संस्करण की कीमत 34 लाख रुपये तक घट जाएगी। इसके साथ ही, कंपनी को इस कदम से बिक्री मात्रा में 20 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। जेएलआर इंडिया ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत अब यूरोप के बाहर डिफेंडर का स्थानीय उत्पादन करने वाला पहला बाजार बन गया है। हालांकि, वैश्विक बाजारों के लिए डिफेंडर का उत्पादन स्लोवाकिया के नित्रा स्थित जेएलआर संयंत्र में जारी रहेगा।

आपूर्ति में मिलेगी मदद

भारतीय ग्राहकों की मांग के अनुरूप तेजी से आपूर्ति करने में मदद मिलेगी।



कंपनी ने बताया कि भारत में डिफेंडर एक्स-डायनेमिक एचएसई संस्करण में 2.0 लीटर एवं 3.0 लीटर पेट्रोल इंजन तथा 3.0 लीटर डीजल इंजन के विकल्पों में उपलब्ध होगी।

एंथ्रोपिक का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल

सैन फ्रांसिस्को। कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एंथ्रोपिक ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए दस्तावेज दाखिल किए। यह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अबतक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है। सैन फ्रांसिस्को स्थित कंपनी अगले महीने अमेरिकी शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

मारुति सुजुकी के लाभ में 26% से अधिक गिरावट

नई दिल्ली। कार बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 26.36% घटकर 2,466.1 करोड़ रहा। हालांकि, तिमाही के दौरान वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री से कंपनी का राजस्व बढ़ा है।



वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध' लाभ 3,349 करोड़ रुपये रहा था।

हिस्सेदारी बढ़कर 40.8 %

मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि घरेलू बाजार में उसकी हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.8 प्रतिशत हो गई। कंपनी ने कहा, ''निर्यात बाजारों में चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति के बावजूद कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 1,08,119 वाहनों का निर्यात कर सकी, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा 1,10,487 वाहन था।''

बिजनेस साइट

एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब का उद्घाटन

मुंबई। भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में शामिल एक्सिस बैंक और लक्ष्य शूटिंग क्लब ने नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर में एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉर्मेंस सेंटर का उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य शूटिंग के क्षेत्र में भारत की प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला ऐसा केंद्र विकसित करना है, जहां दिव्यांग और अन्य सभी खिलाड़ी समान रूप से प्रशिक्षण ले सकें। यहां प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, पोषण, चिकित्सा और खिलाड़ियों के समग्र विकास पर एक साथ काम किया जाएगा। साथ ही, देश के शीर्ष निशानेबाजों को ओलंपिक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की तैयारी के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। भारतीय ओलंपियन और पूर्व राष्ट्रीय शूटिंग कोच सुमाशिरूर ने 2006 में लक्ष्य शूटिंग क्लब की स्थापना की थी। पिछले दो दशकों में क्लब ने देश की शूटिंग प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है।



जेड ब्लैक ने धोनी के साथ पूरे किए 10 साल

इंदौर। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख पूजा सामग्री और सुगंध ब्रांडों में शामिल जेड ब्लैक अगरबत्ती ने एमएस धोनी के साथ अपनी साझेदारी के 10 साल पूरे किए हैं। इस मौके पर ब्रांड ने 'प्रार्थना होगी स्वीकार' कैंपेन के तहत त्योहारों के लिए नया टीवी विज्ञापन लांच किया है। 'एक नए कल की उम्मीद' की सोच पर आधारित इस विज्ञापन में भारतीयों की अलग-अलग प्रार्थनाओं और आने वाले कल को लेकर उनकी आकांक्षाओं को दिखाया गया है। विज्ञापन में लोग जीवन से जुड़ी अलग-अलग कामनाओं के लिए प्रार्थना करते नजर आते हैं। कोई देश के विकास और प्रगति की कामना करता है, तो कोई अपने परिवार में सुख-शांति, बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना करता है। कुछ लोग अपने प्रियजनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम में रहना चाहते हैं जरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| जालंधर

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के बाद जिन चार सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की योजना बनाई है उनमें जरमनप्रीत सिंह भी शामिल हैं लेकिन इस डिफेंडर का अभी संन्यास लेने का मूड नहीं है और उनकी नजरें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हैं।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि जरमनप्रीत, मनदीप सिंह, अमित रोहिदास और नीलकांत शर्मा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में भारत के लिए अपना अंतिम टूर्नामेंट खेलेंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं: जरमनप्रीत

अमृतसर के रहने वाले 30 वर्षीय जरमनप्रीत ने कहा, ''मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं और लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।''उन्होंने कहा, ''एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

टीम ने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की : हरमनप्रीत



हरमनप्रीत ने सोमवार को टूर्नामेंट पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह सही खबर है और हमने टीम में इस बारे में कोई चर्चा नहीं की। मुझे लगता है कि यह महज अफवाह है।''जरमनप्रीत ने अब तक 171 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

संन्यास की अटकलों को खारिज किया

यह हमारे लिए शानदार अवसर है और हम लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' जरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट के बाद हम ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगे। मैं चाहता हूं कि टीम वहां अच्छा प्रदर्शन करे और स्वर्ण पदक जीते।''भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए इसे 'अफवाह' करार दिया।

पेरिस ओलंपिक में टीम के प्रमुख सदस्य रहे : वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के एक प्रमुख सदस्य थे। वह 2022 और 2026 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। अर्जुन पुरस्कार विजेता का मानना है कि उन्होंने एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं।

खेल में सुधार की कोशिश करता रहूंगा

जरमनप्रीत ने कहा, ''मैंने अपने रक्षात्मक कौशल को बेहतर बनाने, अच्छे अवसर पैदा करने और टीम की जीत में योगदान देने की कोशिश की है। मैं एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश करता रहूंगा।''

खबर संक्षेप



काजल और नीलम महिला विश्व चैंपियनशिप कुश्ती के सेफा में

अस्ताना। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक (76 किलोग्राम) और नीलम (50 किलोग्राम) ने मंगलवार को यहां महिला वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा। काजल ने मंगोलिया की दावानासन एंख अमार पर 9-2 की जीत दर्ज करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले उन्होंने लिथुआनिया की कामिले ग्रिस्किएने गौकाइट को हराया था। नीलम ने प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में बेलारूस की नतालिया वाराकिना को 6-0 से हराया। रूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिजावेटा स्मिरनोवा चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से हट गईं जिससे नीलम सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

इससे पहले रजनीता ने महिला 65 किलोग्राम वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबले में 2024 की विश्व रजत पदक विजेता कटेरीना जेलेनिख को 8-6 से हराकर उलटफेर किया।

राष्ट्रीय बधिर टी20 चैंपियनशिप सूरत में

सूरत। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) यहां 10वीं राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है, जिसमें 14 टीमें भाग ले रही हैं। सूरत बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीएएस) के सहयोग से आयोजित की जा रही यह चैंपियनशिप सोमवार से शुरू हुई और एक नवंबर तक चलेगी। इसके मैच बावाजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किए जा रहे हैं। इस बार आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मुंबई, विदर्भ, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और उत्तर प्रदेश की टीमें इसमें भाग ले रही हैं।

न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजय बढ़त बनाई

अभिषेक के तूफानी शतक से भारत ने न्यूजीलैंड से टी-20 श्रृंखला जीती



अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच
113 रन
38 गेंद
09 चौके
11 छक्के

- अभिषेक ने महज 38 गेंदों में 113 रन की पारी खेली
- भारत ने 199 रन का लक्ष्य केवल 13 .2 ओवर में चार विकेट खोकर पाया
- वैभव ने भी 19 गेंद में 45 रन की शानदार पारी खेली

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए और भारत ने मंगलवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 40 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले टी-20 बल्लेबाज अभिषेक ने महज 38 गेंदों पर 113 रन की अविश्वसनीय पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने केवल 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर न्यूजीलैंड की गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं भारत ने 199 रन के मुश्किल दिख रहे लक्ष्य को महज 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।



भारत ने पावर प्ले में विश्व रिकॉर्ड बनाया

भारत ने इसके साथ ही पांच ओवर में सबसे तेज टीम शतक और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले के दौरान सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए महज सात ओवर में 133 रन जोड़ दिए।

35 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक की विस्फोटक पारी के सामने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (19 गेंद में 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी भी कई मौकों पर फीकी नजर आई। अभिषेक ने 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक लगाने के बाद उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में ध्यान मुद्रा बनाकर जश्न मनाया।

पावर प्ले के छह ओवर में 118 रन बनाए

भारत ने इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की धरती पर लगातार तीसरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भारतीय टीम ने 2020 में 5-0 और 2022 में 1-0 से श्रृंखला अपने नाम की थी। महज 15 साल के सूर्यवंशी ने भी आक्रामक पारी खेली। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम को पांच ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया और पावरप्ले के छह ओवर में रिकॉर्ड 118 रन बनाए।

अभिषेक की बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड का मनोबल टूटा

अभिषेक के विकेट के बाद न्यूजीलैंड की टीम का मनोबल इस कदर टूट चुका था कि उसके खिलाड़ी विकेट मिलने का जश्न मनाने के लिए भी उत्साहित नजर नहीं आए। भारतीय पारी की शुरुआत जैकब डफी के ओवर में 26 रन के साथ हुई। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल और काइल जैमीसन ने क्रमशः 21 और 20 रन लुटाए। चार ओवर के भीतर ही न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर के चेहरे पर बेबसी साफ दिखाई देने लगी थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान गेंद जिस पिच पर रुककर आ रही थी, वहीं भारतीय बल्लेबाजों के सामने बेहद सपाट नजर आई। अभिषेक और सूर्यवंशी ने गेंद की लाइन से हटकर ऑफ साइड में जगह बनाई या फिर गेंद की दिशा के अनुरूप लेग साइड में जोरदार प्रहार किए।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी	रन	गेंद	4	6
टिम सीफर्ट का आसर बो अर्शदीप	02	06	0	0
फिन एलन का नमन बो रेड्डी	40	25	0	5
डेरिल मिचेल नाबाद	89	52	5	5
ग्लेन फिलिप्स का एवं बो आसर	17	14	3	0
बेवन जैकब्स नाबाद	39	23	4	1
अतिरिक्त: 11, कुल योग : 20 ओवर में 198/3 रन				
विकेट पतन: 1-4, 2-90, 3-123				
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-40-0, अर्शदीप 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-44-0 आसर 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-38-1				
भारत पारी	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
वैभव सूर्यवंशी का मिचेल बो फिशर	45	19	4	4
अभिषेक का फिलिप्स बो जैमीसन	113	38	9	11
संजू सैमसन बो जैमीसन	18	13	2	0
श्रेयस अय्यर का फिलिप्स बो सैंटनर	05	10	0	0
तिलक वर्मा नाबाद	01	01	0	0
नमन धीर नाबाद	04	01	1	0
अतिरिक्त : कुल योग: 13.2 ओवर में 199/4 रन				
विकेट पतन: 1-133, 2-178, 3-193, 4-195				
गेंदबाजी: डफी 2-0-44-0, मिल्ने 2-0-33-0, ब्रेसवेल 2-0-36-0, जैमीसन 3.2-0-45-2 फिशर 1-0-23-1, सैंटनर 3-0-17-1				

वाडा ने आईसीसी को टियर-1 में रखा, भारत शीर्ष श्रेणी में बरकरार

world anti-doping agency — International Cricket Council

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अपनी प्राथमिकता नीति के तहत पहली श्रेणी में शामिल कर दिया है, जबकि भारत उन शीर्ष देशों में बना हुआ है जिन्हें संस्था के निगरानी कार्यक्रम में सबसे कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है।

आईसीसी अब तक टियर2 पर थी, लेकिन अब उसे टियर1 में रख दिया गया है जिसमें खिलाड़ियों को अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। यह व्यवस्था अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होगी। वाडा ने कहा, ''खेलों के वर्गीकरण का आधार यह है कि क्या खेल ओलंपिक या पैरालंपिक कार्यक्रमों में शामिल हैं।'' क्रिकेट 100 से अधिक वर्षों के बाद 2028 में लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में वापसी करेगा। इस स्तरीय प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाडा के संसाधनों का उपयोग उन देशों और खेलों में डोपिंग के जोखिम का सामना करने के लिए किया जा सके जहां धोखाधड़ी का जोखिम और प्रभाव सबसे अधिक माना जाता है। वाडा के 38 सदस्यीय शीर्ष स्तर में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संघों में विश्व बैडमिंटन महासंघ, अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग संघ, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ, अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ, वर्ल्ड बॉक्सिंग और विश्व एथलेटिक्स शामिल हैं।

श्रीलंका ने पाक को 8 विकेट से हराया

इंग्लैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

श्रीलंका ने मंगलवार को पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड की त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर दिया। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई।

श्रीलंका ने इसके बाद 18.1 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह मुकाबला दिन-रात का था और गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट के पूरी तरह जलने से पहले ही श्रीलंकाई टीम जीत दर्ज कर चुकी थी। श्रीलंका ने इससे पहले रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ 430 रन के लक्ष्य का पीछा करके एकदिवसीय इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा



लक्ष्य हासिल किया था। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 60 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। उन्हें खाता खोलने से पहले ही विकेटकीपर ने जीवनदान दे दिया था। इसके अलावा 44 रन के निजी स्कोर पर उन्होंने रिव्यू लेकर मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले को पलटवा दिया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हरमनप्रीत कौर आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| दुबई

पूर्व भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गईं। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में 32 और शून्य पर आउट होने वाली कप्तान स्मृति मंधाना ने इस लचर प्रदर्शन के कारण अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वॉर्ट पहले नंबर पर काबिज हो गई हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में हरमनप्रीत और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शतक बनाकर अपनी टीम को तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त दिलाई थी। हरमनप्रीत ने एशियाई खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। दीप्ति ने बल्लेबाजों



की सूची में चार स्थान ऊपर 23वां स्थान हासिल कर लिया है। वह ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चौथे और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे बल्लेबाजों की सूची में भारत की युवा खिलाड़ी प्रतिका रावल ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। वह सात पायदान ऊपर 21वें स्थान पर काबिज हो गई हैं।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग 2026

युवराज की हैट्रिक भी नहीं दिला सकी जीत, मुकाबला 4-4 से ड्रॉ

चक्रधर चैंपियंस और न्यायधानी नाइट्स के बीच रोमांचक मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग 2026 में मंगलवार को खेले गए 10वें मुकाबले में चक्रधर चैंपियंस और न्यायधानी नाइट्स के बीच रोमांचक मैच 4-4 से ड्रॉ रहा। चक्रधर चैंपियंस की ओर से युवराज वाल्मीकि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए, जबकि न्यायधानी नाइट्स के लिए केतन ने बेहतरीन खेल दिखाया।

न्यायधानी नाइट्स की खासियत रही कि टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही। पेनल्टी कॉर्नर की जिम्मेदारी संभालने वाले चिराग छह मौकों को गोल में बदलने में नाकाम रहे, लेकिन केतन, आदर्श और सोनू निषाद ने आगे बढ़कर टीम की जिम्मेदारी संभाली। दूसरी ओर, चक्रधर चैंपियंस के लिए एसवी सुनील और युवराज वाल्मीकि ने अहम भूमिका निभाई।

न्यायधानी नाइट्स ने 2-1 की बढ़त बना ली

दूसरे क्वार्टर में केतन और आदर्श ने न्यायधानी नाइट्स के लिए गोल की शुरुआत की। केतन ने दाएं फ्लैंक से शानदार दौड़ लगाते हुए कई डिफेंडरों को छकाया और सर्कल में पहुंचकर आखिरी क्षण में आदर्श को पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदल दिया। इसके बाद केतन बाईं ओर से सर्कल में पहुंचे और सोनू निषाद ने गेंद को डिफ्लेक्ट कर गोल कर दिया। इस तरह हाफ टाइम तक न्यायधानी नाइट्स ने 2-1 की बढ़त बना ली।

वाल्मीकि ने टूर्नामेंट की दूसरी हैट्रिक पूरी की

तीसरे क्वार्टर में केतन ने एक और गोल कर न्यायधानी नाइट्स का स्कोर चार तक पहुंचा दिया। वहीं, चक्रधर चैंपियंस की ओर से युवराज वाल्मीकि ने दो पेनल्टी स्ट्रोक और एक फील्ड गोल किया। फील्ड गोल में एसवी सुनील ने सर्कल के बाहर से गेंद पास की, जिस पर वाल्मीकि ने रिवर्स फ्लिक से गोल दागा। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी हैट्रिक पूरी की। मुकाबले के दौरान खोगेश्वर के डिफ्लेक्शन को भी गोल का श्रेय दिया गया। अंत तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और मुकाबला 4-4 से ड्रॉ समाप्त हुआ।

केन ने पिछले सत्र में क्लब की और से देश के लिए 73 गोल किए, महिला वर्ग में पुटेलस को तीसरा खिताब

केन 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶| लंदन

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैरी केन पिछले 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जबकि महिला वर्ग में स्पेन की स्टार खिलाड़ी एलेक्सिया पुटेलस ने तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। केन ने पिछले सत्र में क्लब और देश के लिए 73 गोल किए और वह यूरोप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

केन ने जर्मनी के अपने क्लब बायर्न म्यूनिख और विश्व कप में गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया था। विश्व कप में वह इंग्लैंड के कप्तान थे और उनकी टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद कहा, ''कड़ी मेहनत से सब कुछ संभव है। मेरा सफर आसान नहीं था। मैं वो बच्चा नहीं था जो सीधे शिखर पर पहुंच गया हो। मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।''

विश्व कप में केन ने छह गोल दागे थे

विश्व कप में उन्होंने छह गोल करके गैरी लाइनकर को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हार गई, लेकिन उसने तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को हराया जो पिछले 60 वर्षों में इंग्लैंड का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



पुटेलस ने 2021 व 2022 में यह पुरस्कार जीता

पुटेलस ने 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। महिलाओं के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत 2018 में हुई थी। उन्होंने पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद युवा खिलाड़ियों के लिए संदेश में कहा, ''खुद पर विश्वास रखो। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आपका कोई सपना है, तो उसे पूरा करने की कोशिश करो, भले ही कभी-कभी आपको शून्य से शुरुआत करनी पड़े।''

केन के बाद एमबाप्पे का नंबर रहा

केन ने कहा, ''मुझे इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि इससे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।''इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल अन्य खिलाड़ियों में मतदान में केन के बाद किलियन एमबाप्पे, लामिन यामल (जिन्हें लगातार तीसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया), 2024 के विजेता रोड्रि और रिकॉर्ड आठ बार के विजेता लियोनेल मेस्सी का नंबर रहा।



अधिकतम स्पीड से घूमते ही फट जाएगा ब्लैक होल!

वॉशिंगटन। ब्लैक होल्स ब्रह्मांड के सबसे रहस्यमय और ताकतवर ऑब्जेक्ट्स में गिने जाते हैं। अब तक वैज्ञानिक मानते आए हैं कि जब दो ब्लैक होल पास आते हैं, तो वे टकराकर एक विशालकाय ब्लैक होल में बदल जाते हैं। लेकिन, जर्नल फिजिकल रिव्यू डी में प्रकाशित एक नई थियोरेटिकल स्टडी ने बिल्कुल उलट सवाल खड़ा किया है। क्या कोई अकेला ब्लैक होल खुद टूटकर दो अलग-अलग ब्लैक होल्स में बदल सकता है? इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ नेपल्स और डेनमार्क के क्वांटम फील्ड थ्योरी सेंटर के फिजिसिस्ट्स की एक टीम ने इस पर गणितीय कैलकुलेशंस की हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अगर कोई ब्लैक होल अपनी अधिकतम संभव स्पीड से अपनी धुरी पर घूम रहा हो, तो उसके दो टुकड़ों में बंटने की संभावना बन सकती है।



पतलून जैसी शेप बनाकर टूटेंगे दो हिस्से, स्टडी में दावा

दो टुकड़ों में टूटने से क्या रोकता है?

भौतिक विज्ञान के स्थापित नियम आमतौर पर किसी ब्लैक होल को दो टुकड़ों में बंटने की इजाजत नहीं देते हैं। इसके रास्ते में सबसे बड़ी रुकावट थर्मोडायनेमिक्स यानी ऊष्मागतिकी के नियम बनते हैं। किसी भी ब्लैक होल में एंट्रॉपी होती है। इसे आसान शब्दों में किसी सिस्टम की आंतरिक व्यवस्था की माप कहा जा सकता है। एक सामान्य और स्थिर ब्लैक होल के दो छोटे ब्लैक होल्स में टूटने पर कुल एंट्रॉपी घट जाती है। थर्मोडायनेमिक्स के सिद्धांतों के मुताबिक ऐसा होना संभव नहीं माना जाता है।

उडोन थानी में पहली बार मिले डायनासोर के पैरों के निशान

बैंकाक। थाईलैंड के उडोन थानी शहर में एक मांसाहारी डायनासोर के पैरों के 6 निशान मिले हैं, जो करीब 12 करोड़ साल पुराने हैं। खनिज संसाधन विभाग ने 20 अक्टूबर 2026 को आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नॉर्थ ईस्टर्न प्रोविंस में डायनासोर के निशान मिलने की यह पहली घटना है। इसीलिए अब इस जगह को साइंटिफिक स्टडी के लिए संरक्षित किया जाएगा और टूरिज्म के लिहाज से इसे डेवलेप किया जाएगा। बैंककॉक पोस्ट के मुताबिक, यह खोज बान फु जिले के फु फ्रा बाट इलाके में हुई है। पिचाई प्राथेतसेना नाम के शख्स ने सबसे पहले इन निशानों को देखा था।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com